जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 137, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 13 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हिंसा के मास्टर माइंड जावेद पंप के घर पर बुलडोजर चला, एक-एक दीवार तोड़ी, मलबा बन गया मकान, अटाला मस्जिद के इमाम गिरफ्तार





# प्रयागराजः नॉनस्टॉप चला 'बाबा का बुलडोजर'

**प्रयागराजः** प्रयागराज के अटाला में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के आरोपियों के घरों की ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हिंसा के मास्टर माइड जावेद पंप के घर पर बुलडोजर चला। मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहे। सबसे पहले, जावेद के घर का गेट तोड़ा गया। जावेद के परिजन घर के अंदर ही मौजूद रहे। उसके बाद उनको घर से बाहर निकाला गया। आपको बता दें कि रविवार को ही प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने नोटिस जारी कर 12 जून को सुबह 11 बजे तक मकान खाली करने का आदेश दिया गया था, लेकिन उससे पहले ही पीडीए ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने पांच दर्जन से अधिक आरोपियों की सूची तैयार की है। इनकी गिरफ्तारी समेत अन्य कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन, प्रयागराज विकास प्राधिकरण तथा नगर निगम की टीम शनिवार को दिन भर अटाला तथा अन्य क्षेत्रों में मौजूद रही तथा आरोपियों के घरों को चिन्हित किए। इससे पहले, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने प्रयागराज हिंसा के आरोपी मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप के घर पर ध्वस्तीकरण का नोटिस लगाया था और उसे 12 जून को सुबह 11 बजे तक घर खाली करने के लिए कहा है, यह घर अवैध रूप से निर्मित है।



**जावेद मोहम्मद की बेटी भी जांच एजेंसियों के रडार पर**

अटाला बवाल मामले के मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद की गिरफ्तारी के बाद उसकी बड़ी बेटी भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। दरअसल जावेद से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उसकी बेटी भी उसे राय-मशविरा देती थी। पुलिस अब इस बात में जुटी है कि क्या भारत बंद के आह्वान और जुमे पर प्रदर्शन के संबंध में भी उसकी अपने पिता से कोई बातचीत हुई थी। जावेद की बड़ी बेटी है दिल्ली में रहती है। वह जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) की पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी भी रह चुकी है। साथ ही सीएए-एनआरसी के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में भी प्रमुख रूप से शामिल हुई थी। वह वर्तमान में सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे फ्रैटर्निटी मूवमेंट की राष्ट्रीय सचिव भी है। हिरासत में लिए जाने के बाद जब पुलिस ने जावेद के मोबाइल की जांच पड़ताल की तो उसके बारे में पता चला। जावेद ने बताया कि वह अपनी बेटी से राय-मशविरा किया करता था। फिलहाल उसने इससे ज्यादा कुछ नहीं बताया। जिसके बाद पुलिस अन्य जानकारियां एकत्रित करने में जुटी हुई है। एसएसपी अजय कुमार का कहना है कि पता लगाया जा रहा है कि जुमे पर हुए प्रदर्शन से संबंधित मामले के संबंध में दोनों के बीच बातचीत हुई थी या नहीं। अगर किसी तरह की संलिप्तता की बात सामने आती है तो जावेद की बेटी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज में अटाला बड़ी मस्जिद का इमाम अरेस्ट



**प्रयागराजः प्रयागराज** के अटाला इलाके में जुमे के बाद हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। प्रयागराज पुलिस को पूरे मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। प्रयागराज पुलिस ने अटाला बड़ी मस्जिद के इमाम अली अहमद को भी गिरफ्तार कर लिया है। अली अहमद ने ही पुलिसकर्मियों को काफिर कहते हुए लड़कों को भड़काया था। जिसके बाद पथराव और आगजनी हुई थी। जानकारी के मुताबिक, अटाला मस्जिद के इमाम का नाम भी बवाल करवाने वालों में सामने आया था। बवाल से पहले पुलिस ने मस्जिद के इमाम को आगाह किया था, लेकिन अली अहमद ने सहयोग नहीं किया।

# हिंसा की घटनाओं को रोकें मोदीः थरूर

**नई दिल्लीः** नुपुर शर्मा की पैगंबर पर विवादित टिप्पणी के बाद देश के अलग-अलग जगहों पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कई जगह से आगजनी और लोगों के मरने की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। इसी बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पीएम मोदी से हेट स्पीच और इस्लामोफोबिया की बढ़ती घटनाओं पर अपनी चुप्पी तोड़ने को कहा है। थरूर का कहना है कि ऐसे हालातों में भी अगर मोदी चुप रहते हैं तो जो कुछ भी हो रहा है, उसमें पीएम का समर्थन माना जाएगा।

**थरूर बोले, ऐसे हालतों को मोदी आगे बढ़कर रोकें**

शशि थरूर का कहना है कि पीएम मोदी खुद जानते हैं कि ऐसे विभाजनकारी बयानों से देश कभी भी आगे नहीं बढ़ पाएगा, क्योंकि किसी भी देश की तरक्की उस देश में एकता होने से होती है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का नारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' है। अब समय आ गया है कि मोदी सार्वजनिक तौर पर आकर लोगों को ऐसी हरकतों को रोकने के लिए निवेदन करें।



**इस्लामिक देशों से संबंध होंगे कमजोरः** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत ने इस्लामी देशों से अच्छे संबंध बनाने के लिए बहुत से प्रभावशाली कदम उठाए हैं। अब अगर देश में लगातार इस्लामोफोबिया की घटनाएं बढ़ती जाएंगी तो इस्लामिक देशों से हमारे संबंध कमजोर होते चले जाएंगे।

**ईशनिंदा कानून की थरूर ने निंदा कीः** पिछले कुछ दिनों से भारत में ईशनिंदा कानून की मांग उठ रही है। इस पर थरूर ने ईशनिंदा कानून की निंदा की है। उन्होंने कहा कि कई देशों में ये कानून है और वहां पर इसका लगातार दुरूपयोग हो रहा है। हमारे देश में अगर कोई किसी धर्म पर विवादित या अभद्र टिप्पणी करता है तो उसके लिए अभद्र भाषा कानून और धारा 295 ए है।ये कानून दोषी को दंड देने के लिए पर्याप्त है।

### चीन बॉर्डर पर तैनात जवान लापता, परिजन चिंतित

**सेलाकुईः** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा पर सातवीं गढ़वाल राइफल में तैनात देहरादून के जवान प्रकाश सिंह राणा 12 दिन से लापता हैं। उनका परिवार मूल रूप से रुद्रप्रयाग का निवासी हैं। जवान के लापता होने की सूचना उसकी बटालियन के अधिकारियों ने पत्नी को दी है। सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंबीवाला स्थित सैनिक कालोनी के निवासी व भारतीय सेना में नायक के पद पर तैनात प्रकाश सिंह राणा का अभी तक सुराग नहीं मिल सका है, जिसके चलते उनके परिवार वाले चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार, जवान प्रकाश सिंह राणा का परिवार देहरादून में सैनिक कॉलोनी अंबीवाला में रहता है, जबकि उनका मूल निवास रुद्रप्रयाग के ऊखीमठ में है। वह सातवीं गढ़वाल राइफल में तैनात हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी अरुणाचल प्रदेश के चीन सीमा पर ठाकला पोस्ट चल रही थी।

## पुलवामा में लश्कर के 3 आतंकी ढेर



**पुलवामाः** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार शाम से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया है। पुलवामा के द्रबगाम इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया था। पुलिस ने बताया कि इस साल अब तक 99 आतंकियों को मार गिराया गया है। एक आतंकी को शनिवार देर रात मार गिराया गया, जबकि अन्य दो रविवार सुबह हुई कार्रवाई में मारे गए हैं। जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बलों ने दोनों आतंकियों को घेरा रखा था, जिसके बाद एक आतंकी ढेर हो गया। मौके से दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।

**लोकल थे सभी आतंकीः डीजीपी** विजय कुमार के मुताबिक, मारे गए सभी आतंकी स्थानीय थे और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे। इनमें से एक की पहचान जुनैद शीरगोजरी के तौर पर हुई है।

## 'पायलट लाओ, राजस्थान बचाओ': कांग्रेसियों ने भरी हुंकार

**जयपुरः** राज्यसभा चुनावों की वोटिंग के बाद शनिवार को सियासत गरमा गई। करौली के श्रीमहावीरजी में किसान सम्मेलन और शहीद प्रतिमा अनावरण समारोह में हुए भाषणों के बाद ऐसे संकेत मिल रहे हैं। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के भाषणों की सियासी हलकों में खूब चर्चा है। सचिन पायलट ने किसान सम्मेलन में कहा- अभी भाषण में ये नाम ले रहे थे, पूर्व ये पूर्व वो। इस कम उम्र में बहुत से 'पूर्व' लगा दिए मेरे नाम के पीछे। मुझे पेंशन मिलती है पार्लियामेंट से। मैं पूर्व सासंद भी तो हूं। पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अब और कितने 'पूर्व' लगाओगे मेरे नाम के आगे। इस बयान के मायने सियासत से जोड़े जा रहे हैं।



**फिर सियासी टकराव के संकेतः** सचिन पायलट की मौजूदगी में समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने 'पायलट लाओ, राजस्थान बचाओ' की बात कहकर कांग्रेस में आने वाले दिनों में फिर सियासी टकराव के संकेत दे दिए।

## खुलासाः रांची में हिंसा के लिए यूपी से आए थे लोग

### सहारनपुर से 12 लोगों की टीम झारखंड पहुंची थी, कौम की दुहाई देकर युवाओं को उकसाया

**रांचीः** भाजपा नेता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी को लेकर झारखंड की राजधानी रांची में 10 जून को हुई हिंसा में नया खुलासा हुआ है। पता चला कि चार जून से ही उपद्रव की तैयारी शुरू हो गई थी। यूपी के सहारनपुर से 12 लोगों की टीम चार और सात जून को रांची पहुंची थी। ये लोग मेन रोड में होटल-लॉज में रुके। यहां तीन टीमें बनीं। एक टीम खूंटी भी गई थी। इन्होंने ही इलाही नगर, हिंदपीढ़ी और गुदड़ी में बैठक कर जुलूस निकालने और हिंसक प्रदर्शन करने के लिए भड़काया। 10 जून को शहर के कई इलाकों में प्रदर्शन और हिंसा हुई थी, जिसके बाद से पूरे इलाके में धारा 144 लागू है। जगह-जगह भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। अफवाहों को रोकने के लिए इंटरनेट बंद रहा।



**16-24 उम्र वाले युवाओं को हिंसा के लिए किया तैयारः** कुछ लोगों ने आपत्ति की तो टीम ने 16 से 24 साल के युवाओं को फांसना शुरू कर दिया। वे बहकावे में आ गए और उपद्रव का प्लॉट तैयार हो गया। हिंसा के पीछे एक झामुमो कार्यकर्ता और पानी व्यवसायी का नाम आ रहा है। कार्यकर्ता से पुलिस ने पूछताछ भी की है।

**यूपी की टीम आने के बाद से घटना तक की पूरी कहानी**

**कौम का हवाला देकर भड़कायाः** सहारनपुर से चार और सात जून को 12 लोग रांची पहुंचे। अलग-अलग जगह बैठक कर लोगों को भड़काया। कहा-यूपी में कौम को परेशान किया जा रहा है। हमें अपनी ताकत दिखानी होगी। पूरे देश में नमाज के बाद प्रदर्शन होंगे।

## राष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा ने कसी कमर

**नई दिल्लीः** भाजपा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए तैयारी तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा राष्ट्रपति पद के उपयुक्त उम्मीदवार के चयन के लिए एनडीए के साथियों से बात करेगी। इसके अलावा भाजपा ने यूपीए समर्थित पार्टियों और निर्दलीयों से भी बात करेगी। इसके लिए पार्टी ने जिम्मेदारियां भी तय कर दी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को यह जिम्मा सौंपा गया है। भाजपा ने एक बयान में कहा कि दोनों वरिष्ठ नेता सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी यूपीए के घटक दलों के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय सदस्यों से भी बात करेंगे। पार्टी ने कहा कि वे जल्द ही इन परामर्शों का आयोजन शुरू करेंगे। विपक्षी दलों ने 2017 यानी पिछले राष्ट्रपति चुनावों के दौरान भाजपा पर अंतिम समय में उनसे संपर्क करने का आरोप लगाया था, क्योंकि भाजपा ने पहले ही रामनाथ कोविंद के नाम पर मुहर लगा दी थी। इसके बाद कोविंद को राष्ट्रपति चुना गया था। विपक्ष ने मीरा कुमार को समर्थन देकर चुनाव लड़ा था, जिन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



इससे पहले निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को घोषणा की थी कि राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान 18 जुलाई को होगा। इस चुनाव में निर्वाचक मंडल के 4,809 सदस्य सांसद और विधायक शामिल हैं, जो कि रामनाथ कोविंद के उत्तराधिकारी का चुनाव करेंगे।

## मानसून ने बदली चाल, गर्मी से लोग बेहाल

**मुंबईः** मानसून घूम गया है। इसका एक सिरा 11 दिन से कर्नाटक में फंसा है, जबकि दूसरा सिरा तेजी से बढ़ते हुए मुंबई को पार कर गुजरात की सीमा तक जा पहुंचा है। पिछले कई दशकों के आंकड़े बताते हैं कि मानसून जब गुजरात की सीमा तक पहुंचता है तो मध्यप्रदेश से नीचे के सभी राज्यों में मानसूनी बारिश शुरू हो चुकी होती है। इस बार ऐसा नहीं है, क्योंकि मानसून ने अभी केरल को ही कवर किया है। जबकि 12 जून तक आंध्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र व आधे छत्तीसगढ़ में मानसून छा चुका होता है।



**उत्तर में अभी लू, मध्य भारत में पारा गिरने लगेगाः** हवाओं की रफ्तार बढ़ रही है। तेजी से बन रहे मानसून के आसार बन रहे हैं। इसके असर से अगले तीन दिन में महाराष्ट्र और मध्य भारत में गरज के साथ छींटें पड़ने के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

### पंजाब के पूर्व सीएम बादल की तबीयत बिगड़ी

**मोहालीः** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता प्रकाश सिंह बादल की शनिवार रात तबीयत खराब हो गई है। उन्हें मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री बादल ने रात में कई बार उल्टी की, हालांकि अब उनकी हालत स्थिर है। गैस्ट्रिक संबंधी शिकायतों के बाद 6 जून को उन्हें पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था।

## खबर संक्षेप

### घोड़ी चोरी के आरोप में तीन चोर गिरफ्तार, एक घोड़ी बरामद

**कुण्डा।** बाघराय थाना क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं आए दिन होती रहती है।चोरों के आतंक से ग्रामीणों का रात मे सोना दूभर हो गया है।शनिवार की रात मे बाघराय थाने के उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद मुखबिर खास की सूचना पर तीन घोड़ी चोर को गिरफ्तार किया है।जिसमे सूरज सरोज पुत्र छोटेलाल निवासी दुर्तना जमलामऊ थाना बाघराय, सूरज सरोज पुत्र सुखलाल निवासी भदशिव थाना हथिगवां व विमलेश सरोज पुत्र हरीशचंद्र निवासी भदशिव थाना हथिगवां शामिल है।

### जमीन को लेकर कुंडा दिया गया शिकायती पत्र

**कुण्डा।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के करीम नगर चौसा गांव निवासी गनेश गौतम पुत्र चुल्लर ने कुण्डा पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे बताया कि उसके पड़ोसी द्वारा जबरन उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।सूत्रों की माने तो गनेश के घर के और उसके पड़ोसी के घर के बीच से लगभग 5 फिट का रास्ता छूटा हुआ है।दोनो के घर के पीछे से 5 फिट का रास्ता भी है लेकिन पड़ोसी द्वारा अपने घर के सामने शौचालय निर्माण कराया जा रहा है।शौचालय निर्माण के दौरान पीछे से आए हुए रास्ते को आगे आकर बन्द कर दिया जा रहा है।जिसकी शिकायत गनेश ने कुण्डा कोतवाली मे की है।पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं से जनता लाभान्वित : डिप्टी सीएम

**अखंड भारत संदेश**



सभा को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक।

**सहसों।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व प्रयागराज मंडल के प्रभारी बृजेश पाठक ने रविवार को सहसों स्थित छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में गरीब कल्याण जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा विगत 8 वर्षों में चलाई गई विभिन्न योजना में गर्मी के मौसम में सभी को राहत दे रही है। सड़क, बिजली, पानी, रोजगार, शौचालय, अस्पताल आदि सुविधाएं मुहैया होने से देश और प्रदेश की जनता विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होते हुए राहत महसूस कर रही है। केन्द्र में जब भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। परन्तु आज प्रधानमंत्री मोदी ने कई योजनाएं चलाकर दुनिया के पैमाने पर भारत को शिखर पर स्थापित करने का काम किया है। किसान यूरिया, बीज व सिंचाई के पानी के लिए परेशान था।? आज यह सब बड़ी सरलता से मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना, कौशल विकास के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, फसल बीमा योजना, एक देश एक राशन कार्ड योजना, रोमियो स्क्वायड आदि कार्य किए गए हैं। 2022 के चुनाव में आपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है। अब 2024 में केन्द्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आपको बनाना है। इस अवसर पर ब्लॉक बहादुरपुर डब्बू यादव एवं शशांक मिश्रा ने अलग-अलग चांदी का मुकुट भेंट कर उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया परन्तु डिप्टी सीएम ने भेंट को स्वीकार करते हुए जिला अध्यक्ष गंगा पार को देते हुए कहा कि इस मुकुट से चांदी का पायल व चैन आदि आभूषण बनवा कर गरीब बेटियों की शादी में दान कर दिया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने नवसृजित सहसों ब्लॉक के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किए जाने की मांग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे व संचालन महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, सांसद रीता जोशी, काशी प्रांत उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य, मेयर अभिलाषा गुप्ता,? विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, कन्हैया लाल पांडे, अमरनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लक्ष्मी दत्त उपाध्याय, प्रमुख डब्बू यादव, प्रमुख योगेश पांडे, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सहसों प्रमुख गीता सिंह, राकेश बहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता अशोक तिवारी, आशीष कुमार, मनोज निषाद, संदीप दुबे, सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, संजय सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, राजधर दुबे, जय प्रकाश दूबे, बृजेश कुमार त्रिपाठी, अनिल सरोज, धनंजय दुबे, रविंद्र सिंह, विष्णु केसरवानी, विष्णु दुबे स्वामी जी, डॉ बच्चा मिश्रा, योगेश मिश्रा, रोहित केसरी, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , पवन कुमार शुक्ला, अमन सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# दलापुर गांव के चौपाल में पहुंचे डिप्टी सीएम आदर्श गौशाला का किया निरीक्षण



चौपाल में उपस्थित लोगो को संबोधित करते डिप्टी सीएम



गाय को गुड़ खिलाकर गौ सेवा करते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

**हनुमानगंज।** मण्डल प्रभारी व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बहादुरपुर विकास खंड के दलापुर गांव में रविवार को आयोजित ग्राम चौपाल में पहुचे उन्होंने आदर्श गोशाला में पहुच कर गायो का चारा साफसफाई आदि व्यवस्था का जायजा लेते हुए गायो को गुड़ खिलाकर गोसेवा किया। चौपाल में उपमुख्यमंत्री सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उपस्थित लोगों से पूछा कि केंद्र व राज्य द्वारा बहुत सी लाभकारी योजनाएं आप लोगों के लिए चलाई गई हैं आप लोगों तक पहुंच रही हैं या नही। उन्होंने कहा कि पात्र लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य करते हुए सभी पात्र लोगो को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं से लाभान्वित करा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न होने पायें। चैपाल में उपस्थित लोगो के द्वारा योजनाओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र दिए जाने पर उपमुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं दो बच्चों का अन्नप्रासन कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीओ, बीडीओ सीपू गिरी, बीडीओ बहादुरपुर मनोज कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुण यादव उर्फ डब्बू, ग्राम प्रधान, मनु प्रताप सिंह, पंकज उपाध्याय, धनंजय मिश्रा ने बुके भेट कर डिप्टी सीएम का स्वागत किया।

**मंत्री के जाते ही गुल हुई बिजली :** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट अत्यधिक गहरा गया है दिन दिन भर बिजली गायब रहती है रात में भी घंटों बिजली गुल रहती है तो कहीं लोकल फॉल्ट भी गर्मी में लोगों को परेशान कर रहा है। रविवार को दलापुर गांव में डिप्टी सीएम की चौपाल होने की वजह से दोपहर तक बिजली नहीं कटी तो लोगों को लगा कि शायद अब ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली बढ़ गई है लेकिन जैसे ही मंत्री की गाड़ी गांव से बाहर निकली वैसे ही ग्रामीणों की सोच पर पानी फिर गया और बिजली गुल हो गई।

# एकजुट व संगठित होकर संघ के कार्यों को आगे बढ़ाएं कार्यकर्ता : मान सिंह

**अखंड भारत संदेश**

भारतीय किसान संघ जिला इकाई प्रयागराज की मासिक बैठक संपन्न



**रत्योंरा।** एकजुट व संगठित होकर कार्यकर्ता भारतीय किसान संघ के मिशन को आगे बढ़ाने का काम करें जिससे संघ अपने उद्देश्यों को प्रत्येक क्षेत्रों में साकार कर सके। यह बातें भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के प्रचार प्रमुख मानसिंह प्रभारी जनपद प्रयागराज ने श्री श्री 108 श्री परमहंस गोपालदास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसफरा के प्रांगण में जनपद इकाई प्रयागराज के मासिक बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। भारतीय किसान संघ जनपद प्रयागराज के प्रभारी मान सिंह ने कार्यकर्ताओं को संघ के मिशन और विजन को बताते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता जो भी दायित्व दिया गया है अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए संघ की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्रीय किसानों के उत्थान का कार्य करते हुए उनको राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करें जिससे किसानों का उत्थान हो सके। बैठक में बतौर प्रभारी मानसिंह ने संघ के आगे के कार्यों को बताते हुए उनका संपादन करने का आह्वान सभी कार्यकर्ताओं से किया। बैठक में उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष प्रयागराज महा नारायण सिंह ने भारतीय किसान संघ की नीतियों को बताते हुए आगे कौन-कौन से कार्य कैसे किए जाने हैं आदि पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। इसी प्रकार भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह ने बैठक समापन के बाद समीक्षा के दौरान कार्यकताओं की हौसला अफजाई करते हुए संघ के मिशन से परिचित कराया और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकताओं को प्रेरित किया। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ की महिला प्रांत प्रमुख उर्मिला सिंह, जिला मंत्री अतुल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अंबिका प्रसाद सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला प्रचार प्रमुख धीरज सागर, मनीष वर्मा ब्लॉक प्रचार प्रमुख, प्रेमकली, रीना कुशवाहा समेत कई कार्यकताओं पदाधिकारी मौजूद रहे।



### छात्राओं ने तपती दोपहरी में राहगीरों को पिलाया शरबत

**शंकरगढ़।** हिमानी ब्यूटी पार्लर एंड हेयर एकेडमी की छात्राओं ने तपती दोपहरी में राहगीरों को पानी और शरबत पिलाया। एकेडमी की निदेशक सुनीता सिंह के नेतृत्व में छात्राओं ने शंकरगढ़ नगर पंचायत के राम भवन चौराहे पर स्टाल लगाकर चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में राहगीरों, दो पहिया, चार पहिया वाहनों में सफर करने वाले लोगों को रोक-रोककर शरबत पिलाया। सुनीता सिंह ने कहा कि गर्मी के सीजन में किसी की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। छात्राओं के द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। छात्राओं को समय-समय पर इस तरह का कार्य करते रहने से अन्य लोगों में भी सेवा भावना का विकास होता है। वक्त-बे-वक्त लोग एक दूसरी की मदद के लिए आगे आते हैं। डायरेक्टर सुनीता सिंह ने बताया कि गर्मी को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि आज से रोजाना स्टाल लगाकर राहगीरों को शरबत और पानी पिलाने का कार्य जारी रहेगा।इस मौके पर छात्रा हर्षिता जायसवाल, नेहा केसरवानी, फरजाना, पार्वती केसरवानी, तनवी केसरवानी, नंदनी केसरवानी, रागिनी, शिल्पा सिंह, मोहिनी केसरवानी सहित दर्जनों छात्राएं मौजूद रहीं।

## न्यूज झरोखा

### कुँवा की सफाई कागजो तक सीमित मंडलायुक्त के आदेश का नही पड़ा असर



**लालापुर।** तहसील समाधान दिवस की दी गई शिकायती पत्र का जहाँ एक तरफ जल संचय करने के लिये मंडलायुक्त ने आदेशित किया वही जसरा ब्लाक के सम्बंधित अधिकारी अपने ठंढे बस्ते में डालकर आस्वाशन दे रहे।महीनों पूर्व बारा तहसील समाधान दिवस पर जिला से आये मंडलायुक्त के समच्छ गोबरा तरहार निवासी नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कुँवा सफाई से लेकर सौन्दरी करण करने की लिखित प्रार्थना पत्र देकर मांग की थी।तत्काल बीडीओ जसरा को निर्देशित किया गया था।लेकिन आज तक कुँवा का कार्य चालू नही हुआ।आज भी कुँवा से दर्जनों घर की प्यास बुझती है।गर्मी में जलस्तर नीचे जाने से पानी की किल्लत हो जाती है।बस्ती के बीच आज भी पुराना कुँवा मौजूद है।प्रत्येक वर्ष कुँवा सफाई से लेकर सौन्दरी करण तक सरकार लाखों रुपये खर्च करती है।लेकिन इस ब्लाक की कहानी अजीबोगरीब है कोई भी कार्य सम्बंधित मनमर्जी से करेगे आदेश चाहे जिसका हो कोई मायने नही रखता है।इसी तरह सोनौरी गांव का तालाब में आज तक न ही सफाई हो पाई न ही मेड़बन्दी बिकास सिर्फ कागज तक सीमित होकर रह गया है।

### सामाजिक सेवा संस्थान ने अरैल में चलाया स्वच्छता अभियान



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के निर्देशन में अरैल के नये पक्के घाट पर कार्यक्रम अधिकारी संदीप सिंह जी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एकत्रित किए गए कूड़े के ढेर को नगर निगम द्वारा हटवाया गया।निरन्तर चलने वाले स्वच्छता अभियान से प्रभावित होकर कुछ नये सदस्यों ने भी आज भागीदारी निभाई, एवं सभी ने भविष्य में स्वच्छता अभियान की अलख जगाते रहने हेतु दृढ़ संकल्प लिया।कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,आत्म प्रकाश यादव,डां प्रमोद कुमार मिश्रा,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी,रवि पटेल, संदीप कुमार सिंह,वेद प्रकाश सिंह,राम कृष्ण पांडेय, चैतन्य कुमार तिवारी, समरेंद्र मिश्रा,सूरज त्रिपाठी, देवकीनंदन तिवारी,प्रियांशु शुक्ला, प्रीति तिवारी, तुलसी तिवारी,मीनू पाण्डेय,शामभवी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### टाटा सफारी खंबे में टकराई, छतिग्रस्त



**नैनी।** शनिवार नैनी स्टेशन रोड़ से एक टाटा सफारी तेज रफ्तार में नैनी हनुमान नगर की ओर चली आ रही थी तभी अचानक हनुमान नगर के समीप खंबे में जा टकराई हालांकि सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लेकिन सफारी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। जैसा कि आपको बता दे की हनुमान नगर मोहल्ले में डिवाइडर ना बनाए जाने से आए दिन खंबे में दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### सड़क मरम्मतीकरण घटिया कार्य के प्रयोग में हुई शिकायत



**रत्योंरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के रत्योंरा करपिया गांव के रत्योंरा महुआव मार्ग से अमीन का पूरा को जोड़ने वाले लिंक मार्ग के निर्माण कार्य में ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने की शिकायत विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ तहसील प्रशासन से की गई है। ग्रामीण विजेंद्र सिंह, मंगलेश्वर, राजेश, गौतम, अंगद, सत्येंद्र सिंह, मनोज सिंह समेत दर्जन भर लोगों ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2012 - 13 में रत्योंरा करपिया गांव समग्र गांव योजना के तहत चयनित था उसी योजना के तहत उक्त सड़क का निर्माण कराया गया था। कई वर्ष बीत जाने के बाद सड़क में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। जिस सड़क का पीडब्ल्यूडी के द्वारा पुनः मरम्मतीकरण कार्य कराया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण कार्य में चटाई दी जा रही है। गड्ढों में गिट्टी भरकर चटाई दे दी जा रही है। जिससे सड़क जल्द ही पुनः गड्ढों में तब्दील हो जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण कार्य में कम गिट्टी एवं कम डामर की मात्रा डाली जा रही है। इसके साथ ही सड़क पर स्थित धूल की साफ-सफाई भी नहीं कराई जा रही है। जिससे सड़क मानक व गुणवत्ता के अनुसार नहीं बन रही है। ग्रामीणों ने मनमाने ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी के जेई अनिल सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि जहां तक सवाल है कम गिट्टी व डामर डालने की बात है तो महज 2 सेंटीमीटर चटाई में सड़क स्वीकृत है। उन्होंने कहा अगर ठेकेदार के द्वारा धूल की सफाई नहीं कराई जा रही है तो संज्ञान लेकर जांच कराई जाएगी दोषी पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से बंद हुआ पांटून पुल

**मेजा रोड।** गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा स्थित गंगा फेरी घाट पर बना पांटून पुल को बंद कर दिया गया। बरसात से पहले ही पूरा सामान खोलना शुरू कर दिया गया है। फेरी घाट पर बने पांटून पुल के कारण लोगों को काफी सुविधा होती थी। बता दें कि सिरसा गंगा फेरी घाट पर बने पांटून पुल से राहगीरों को आवागमन करने में हड़िया सैदाबाद के रास्ते बनारस की दूरी कम समय में होती थी तथा समय के साथ पैसे की बचत होती थी। लेकिन अब लोगों को लंबी दूरी तय करनी होगी जिससे इसका असर अब उनकी जेब पर पड़ेगा। गौरतलब हो कि हर साल गंगा दशहरा पर पुल को हटाने का कार्य किया जाता है। लंबे समय से लोग पक्के पुल की मांग कर रहे जिससे कि उन्हें लंबी दूरी ना तय करनी पड़े। वहीं अब पुल के टूटने से नाव मात्र एक सहारा है जबकि पूर्व में कई बार नाव डूबने की कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

### नो एंट्री से बचने के लिए अंडर पासिंग पुलिया से निकल रहीं ट्रके

**मेजा रोड।** तू डाल-डाल तो, मैं पात-पात की कहावत चरितार्थ करते ट्रक चालकों के ऊपर सटीक साबित हो रही है। जी हां हम बात कर रहे हैं मेजा रोड बाजार में भटौती क्रेसर प्लांट से निकल कर ट्रकें नो एंट्री से बचने के चक्कर में मेजा रोड सिरसा मार्ग के रेलवे स्टेशन के समीप बने अंदर पासिंग पुलिया के नीचे से निकल कर प्रयागराज की ओर जा रही हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर ट्रकें नया रास्ता अख्तियार कर लिया है, जिसके चलते दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है जबकि अंडर पासिंग पुलिया केवल छोटे वाहनों के आवागमन के लिए बनाया गया है। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो। लेकिन स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर गिट्टी लदी ट्रके अंडर पासिंग पुलिया से निकल रही है। समय रहते स्थानीय पुलिस प्रशासन को ध्यान देना होगा, नहीं तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# जल की एक बूँद -बूँद को बचाने का करें जतन वर्ना भविष्य का होगा पतन : अभिषेक सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** जल की हर एक बूँद बहुत ही कीमती एवम जीवन के लिए उपयोगी हैं इसलिए जल के विभिन्न स्त्रोतो नदी, तालाब, कूप इत्यादि को स्वच्छ एवम साफ बनाएं रखना सभी नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी एवम परम कर्तव्य भी हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल ने रविवार को यमुना सफाई अभियान के दौरान व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण,बेटी बचाओ एवम बेटी पढ़ाओ, रक्तदान, वृक्षारोपण इत्यादि अन्य प्रमुख विषयों पर भी आसपास के युवाओं को जागरूक किये।यमुना की सफाई के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जल का हमारे जीवन मे बहुत बड़ा स्थान हैं बिना जल के जीवन की कल्पना करना रेत मे मछली पालने जैसा हैं।यमुनापार मे सिचाई,पेयजल समेत अन्य प्रमुख आवश्यकताओं की पूर्ति मे यमुना का बहुत बड़ा स्थान हैं किन्तु दुर्भाग्य यह हैं दिनोंदिन जानकारी के अभाव मे लोग शव, मल-मूत्र के साथ पालीथिन इत्यादि यमुना मे प्रवाहित करके उक्त जीवन दायिनी नदी को दूषित किया जा रहा हैं इसी को ध्यान मे रखते हुए उनके नेतृत्व मे यमुना को निर्मल बनाने की दिशा मे एक अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र सहित अन्य गणमान्य लोगों के माध्यम से यमुना को निर्मल बनाने का शपथ दिलवाया जाएगा। इसके साथ ही यमुना के विभिन्न तटों पर कदम्ब, पीपल, बरगद आदि पेड़ों को रोपने की भी कार्य योजना तैयार की गयी हैं।

इस दौरान उच्च न्यायालय के समीक्षा अधिकारी स्वपनेश सिंह ने युवाओं को पर्यावरण मे सहयोग के साथ साइकलिंग के लिए भी प्रोत्साहित किये।शिक्षक अरुण कुमार पाल ने रक्तदान को एक नेक कार्य बताते हुए चिकित्सक की परामर्श से वर्ष मे एक बार रक्तदान अवश्य करने के लिए अपील किये । रामानन्द पाल, प्रवीण कुमार, राजा बाबू यादव, प्रदीप पटेल आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किये।शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल के मुताबिक विगत 07वर्षों मे दस हजार की तादाद मे पेड़ों को भेंट करने के साथ वृक्षारोपण, विभिन्न विद्यालयों मे निःशुल्क हैण्डपम्प,20कूप मरम्मत,40जलाशयों की सफाई एवम जलापूर्ति और विलुप्त कई तालाब को बनवा जल संरक्षण का कार्य सुनिश्चित किया जा चुका हैं। कार्यक्रम के समापन मे ग्रामीणों सहित अन्य मौजूद लोगों को तुलसी, शमी, नीम इत्यादि के पौधा भेंट किया गया।

# अमृत सरोवर तालाब की खुल गई पोल : खीरी क्षेत्र के चांद खभरिया बिकास खण्ड में जेसीबी मशीन से बीती रात तालाब की कराई गई खुदाई

**अखंड भारत संदेश**



**लेडियारी।** मेजा तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांद खभरिया में अमृत सरोवर तालाब बनाने को लेकर चयनित किया गया है लेकिन पुराने अर्से के तालाब में ग्राम प्रधान केदार कोल एवं सिगरेट्री राजेश तिवारी के द्वारा जेसीबी मशीन लगा कर ट्रेक्टर ट्राली में भरकर मिट्टी बेची जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार बिती रात तालाब में जेसीबी मशीन लगा कर मिट्टी निकाली गई निकालने के बाद मोटी रकम लेकर उपरोक्त लोग कई लोगों के घर एवं खलिहान में मिट्टी गिराई गई सवालिया निशान उठता है कि साशन के आदेश में यह कहीं नहीं दर्शाया गया है। जेसीबी से खुदाई कराई जांय ग्रामीणों ने खीरी पुलिस को 112 पर सूचना दिया तो पुलिस के सवालिया निशान पर सवाल इस लिए उठता सूचना देने वाला अपने मोबाइल से अकेले में बात कर अवगत कराता लेकिन पुलिस की गाड़ी न आने के पहले जेसीबी एवं प्रधान को जानकारी प्राप्त हो जाती हैं। ट्रेक्टर एवं जेसीबी मशीन तालाब से ड्राइवरों ने तत्काल भाग जाते हैं। पुलिस की गाड़ी आने पर तालाब में कुछ दिखाई नहीं देता है। ग्राम बिकास अधिकारी के पास ग्रामीणों ने अवगत कराया तो उन्होंने अपना मोबाइल नम्बर बन्द कर दिया । प्रधान एवं पंचायत मंत्री के इस घिनवने एवं मनमानी कार्य से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए तालाब संख्या 188 को जांच कराते हुए प्रधान एवं पंचायत अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कराने को ग्रामीणों में पंच लाल कोल, राजा कोल ,बांके कोल ,बागी कोल ,गुलाब, राम तीरथ कोल,गिरधारी कोल,सियाराम आदि मजदूरों ने मुख्यमंत्री से मांग करतें हुए दोशियों के खिलाफ कार्रवाई कराने को लेकर लोगों ने मांग की है। इसमें क्षेत्रीय लोगों द्वारा तरह तरह की चचाएं हो रही है जांच के बाद पता चलेगा।

ग्राम पंचायत सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि यह जो भी कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया है यह मेरे जानकारी के परे है यह तालाब सरोवर में चयनित नहीं है हां यह 188 तालाब में अंकित है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब चयनित है लेकिन जेसीबी मशीन लगा कर खुदाई की जा रही है।

**ग्राम पंचायत सचिव राजेश तिवारी**

### दो स्थानों पर मार पीट के दौरान कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दुकान पर दबंगई से चढ कर दुकानदार को मार कर अधमरा कर दिया गया। दूसरा स्थान ग्राम पूरे भीखू में मार पीट कर कई लोगो को घायल कर दिया गया तथा बाउंड्री गिरा दी गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र जैनुद्दीन का आरोप है कि वह बालू सरिया की दुकान किए हुए हैं। इरफान का आरोप है कि दबंगई से कतिपय लोग दुकान पर चढ कर उनके पिता को लाठी डंडा सरिया आदि से मार कर लहूलूहान कर दिए।इरफान ने मऊआइमा थाने में ग्राम चौहान का पूरा निवासी जयचंद्र ,पप्पू नाई, कमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम पूरे भीखू निवासी बिन्देश्वरी पुत्र अमर बहादुर सिंह का आरोप है कि उनके विरोधी एक राय होकर उनकी बाउंड्री गिरा दिए और शौचालय ध्वस्त कर दिए।बिन्देश्वरी ने मऊआइमा थाने में चन्दभान सिंह ,संजय सिंह, आनंद सिंह , अभिषेक सिंह ,आदर्श सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।



हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद के मकान पर चलाया जा रहा बुलडोजर

# प्रयागराज में हुए हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद के मकान पर चला बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**एक किमी के दायरे में लगाए गए दस हजार सुरक्षाकर्मी, कई लेयर में तैनात थी फोर्स**

**ध्वस्तीकरण से पहले खाली करवाया गया मकान, झंडे, किताबें और कागजात भी मिले**

**प्रयागराज।** शुक्रवार को शहर में हुई हिंसा के मास्टर माइंड जावेद अहमद पंप के मकान पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चल गया। ध्वस्तीकरण के पूर्व प्रशासन की तरफ से नोटिस दी गई थी। शनिवार शाम को ही प्रशासनिक अमले ने इस आशय की नोटिस जावेद पंप के आवास पर चस्पा कर दी थी। पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे भारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अमला जावेद के मकान पर पहुंचा और कार्यवाही की शुरूआत की गई।

ध्वस्तीकरण से पहले मकान को खाली करवाया गया। घर में रखे सामानों को बाहर निकलवाया गया। इसमें कुछ झंडे, पोस्टर, किताबें और कागजात भी बरामद हुए हैं, जिसे पुलिस-प्रशासन ने अपनी सुरक्षा में ले लिया है। दूसरे पहर तकरीबन एक बजे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सबसे पहले मेन गेट से की गई। सुरक्षा के मद्देनजर हिंसा वाली जगह अटाला के एक किलोमीटर के परिक्षेत्र में लगभग दस हजार सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। उन्हें अलग-अलग लेयर में तैनात किया गया है। ध्वस्तीकरण वाले स्थल पर निगरानी के लिए कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, ताकि मौके पर होने वाली हर हरकत को रिकॉर्ड किया जा सके। इसके अलावा कई रास्तों पर बैरिकेडिंग भी की गई है। अटाला में हुई हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद अहमद उर्फ पंप का यह मकान करेली में स्थित है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मुताबिक उक्त आवास का निर्माण बिना नक्शा पास करवाए करवाया गया था। जिस पर पीडीए ने कार्यवाही की है। मकान की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी थी। ध्वस्तीकरण के दौरान आसपास के मकानों को कोई नुकसान न होने पाए, इसका भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मकान में दो तरफ से बुलडोजर लगाए गए हैं। इसके अलावा मकान के चारों तरफ कड़ी सुरक्षा का पहरा लगाया गया है।

**प्रयागराज में दर्ज केस में 70 लोग हैं नामजद**

शुक्रवार को हुई हिंसा के प्रकरण में तीन एफआईआर दर्ज की गई है। एक मामला करेली थाना तो दूसरा मामला खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया है। इसके अलावा एक अन्य प्रकरण लिखा गया है। तीनों मामलों में 70 लोगों को नामजद करते हुए 5000 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। हिंसा के दौरान बरामद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात लोगों की शिनाख्त की जा रही है। दूसरी तरफ शनिवार को हिरासत में लिए गए सभी 68 लोगों का चालान भेज दिया गया है, जिसमें 64 वयस्क लोगों को सेंट्रल जेल नैनी तो चार नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। इस मामले में अभी तक कुल 68 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। शेष के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। इसके बाद आज कुछ अन्य लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं।

**अटाला की गलियों में पसरा सन्नाटा**

जुमे की नमाज के बाद जो क्षेत्र लोगों की भीड़ और शोरगुल से पटा पड़ा था, आज वही इलाका वीरान सा हो गया है। राहगीरों के गुजरने पर सन्नाटा टूट रहा है। स्थानीय निवासी भी घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सीसीटीवी-वीडियो फुटेज में जिनकी शिनाख्त हो रही है, वह फरार हो गए हैं। ऐसे लोगों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। कई गलियों में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा है और मकानों में ताले लटक रहे हैं। उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। जिन सड़कों-गलियों में बैरिकेडिंग की गई है, वहां आने-जाने वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

**फंडिंग किए जाने को लेकर भी जांच**

खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला समेत आसपास के मोहल्लों में हुई हिंसा के पीछे पुलिस सारे पहलुओं को खंगालने में जुटी हुई है। इसमें एक पहलू फंडिंग का भी खंगाला जा रहा है। क्योंकि शुक्रवार को सभी लोग नमाज अता करने के लिए मस्जिदों में गए थे। इसके बाद अचानक अटाला मस्जिद से निकले युवाओं ने पथराव शुरू कर दिया। छानबीन के दौरान यह भी क्लू मिला है कि इस हिंसक प्रदर्शन के लिए फंडिंग भी की गई है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने उपद्रवियों के कनेक्शन वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी है, जिन पर फंडिंग किए जाने का अंदेशा है। पुलिस एफआईआर में शामिल लोगों के कनेक्शन की जांच कर रही है और उनके बैंक खाते की जानकारी जुटाई जा रही है।

**प्रयागराज में 91 उपद्रवी हुए गिरफ्तार**

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में बीते शुक्रवार को हुई हिंसा के प्रकरण में रविवार सुबह तक कुल 304 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें सर्वाधिक गिरफ्तारी 91 लोगों की प्रयागराज से की गई है। इसके बाद सहारनपुर से कुल 71 लोग धरे गए हैं। इसके बाद हाथरस से 51, फिरोजाबाद से 15, अंबेडकरनगर से 34, अलीगढ़ से छह और जालौन से दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं। प्रदेश भर में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कुल 13 एफआईआर दर्ज की है। जिसमें सर्वाधिक तीन एफआईआर प्रयागराज में और इतनी ही एफआईआर सहारनपुर में दर्ज की गई है। इसके अलावा फिरोजाबाद, अंबेडकरनगर, मुरादाबाद, हाथरस, अलीगढ़, लखीमपुर खीरी और जालौन में एक-एक केस दर्ज किया गया है।

## थाना पुलिस ने अपहृता को किया बरामद

**प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र थाने पर अपहरण मामले में दर्ज मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए आज पुलिस ने अपहृता को 06घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया।ज्ञात हो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज अजय कुमार के निर्देश पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित व क्षेत्राधिकारी करछना राजेश कुमार द्वारा महिला से जुड़े मामले को गंभीरता से लेने तथा लूट तथा अपहरण मुकदमा का खुलासा करने हेतु जारी आदेश पर थाना औद्योगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे अन्य पुलिस फोर्स की मदत से लगातार दबिश व प्रयास करते हुए अपहृता पीड़िता को छ घण्टे के अन्दर बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार पीड़ित परिजनों ने प्रार्थना पत्र पर थाने में 162/2022 धारा 363 से सम्बन्धित मुकदमा प्राथमिकी दर्ज करायी थी।जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन व लगातार प्रयास के बाद उसे बरामद कर लिया उसके बाद आगे की कार्यवाही अमल में लायी गई।

# आशनाई में बाधक बनने पर दोस्त ने की थी युवक की हत्या, दो आरोपित गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बहन से नजदीकियों का विरोध करने पर युवक की हत्या उसके दोस्त ने ही की थी। सर्विलांस से ट्रेस करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपित सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हत?या की साजिश रची गई थी। निमंत्रण में चलने का झांसा देकर युवक को बुलाया था। इसके बाद गला दबाकर मार डाला। पुलिस ने इस घटना में प्रयोग में लाई गई बाइक भी बरामद कर ली है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के खामसामा का पुरवा बरियावां निवासी राहुल यादव (22) पुत्र भोलानाथ यादव 30 मई को घर पर यह बताकर निकला था। वह झलियन का पुरवा गांव में निमंत्रण में शामिल होने जा रहा है। इसके बाद वह घर लौटकर नहीं आया। स्वजनों के खोजबीन करने पर उसका पता नहीं चला। दो जून को राहुल की बहन ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराई थी। अगले दिन यानी तीन जून को नवाबगंज थाना क्षेत्र के लेहदरी पुल के पास एक मानव कंकाल मिला था। इसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे राहुल के स्वजनों ने मोबाइल व कपड़े से कंकाल राहुल का होने की आशंका के साथ उसकी हत्या का आरोप लगाया था।पुलिस ने सर्विलांस से ट्रेस किया तो पता चला कि राहुल की आखिरी बार बात मोबाइल पर राम सिंह यादव पुत्र शिवसागर यादव निवासी गोगहर थाना महेशगंज से हुई थी। पुलिस ने राम सिंह को हिरासत में लेकर कर्रा किया तो उसने घटना को कबूल कर लिया।रविवार को पुलिस



पुलिस की गिरफ्त में अपराधी

लाइन के सई कांप्लेक्स में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मुख्य आरोपित राम सिंह यादव ड्राइवर है। उसकी मुलाकात राहुल की बहन से दिल्ली में हुई थी। फिर दोनों के बीच लगातार बातचीत होने लगी। इसकी जानकारी होने पर राहुल व उसके स्वजनों ने राम सिंह को उसके परिवार से दूर रहने की धमकी दी थी। इसी कारण राम सिंह ने अपने एक 17 वर्षीय साथी के साथ राहुल की हत्या करने की योजना बनाई और फिर योजनाबद्ध तरीके से 30 मई को राहुल को बुलाकर बाइक पर बैठाकर लेहदरीपुल के नीचे ले गए और वहां गला दबाकर राहुल की हत्या कर दी थी। फिर शव को झाड़ियों में छिपा दिया व उसका मोबाइल भी तोड़कर वहीं फेंक दिया था।

# 28 जिलों में हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा, 55 फीसदी उपस्थिति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इस बार सामान्य अध्ययन के सवाल तो सीधे सपाट थे, लेकिन विकल्प इतने नजदीकी थे कि उनमें से किसी एक को चुनना मुश्किल हो गया। अभ्यर्थियों को सभी विकल्प सही लग रहे थे, सो उन्हें कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें। रविवार को हुई पीसीएस-2022 की प्रारंभिक परीक्षा में सामान्य अध्ययन के प्रश्नपत्र में अभ्यर्थी उलझे नजर आए। वहीं, दूसरी पाली में सीसैट के क्वालीफाइंग प्रश्नपत्र ने भी अभ्यर्थियों को खूब छकाया।

इस बार अभ्यर्थियों के लिए क्वालीफाई करना भी बड़ी चुनौती है। निगेटिव मार्किंग के कारण अभ्यर्थियों ने ऐसे प्रश्नों को छोड़ देना ही बेहतर समझा।प्रदेश के 28 जिलों के 1303 केंद्रों में हुई पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 602774 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से तकरीबन 55 फीसदी परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई। सामान्य अध्ययन के प्रश्नपत्र में इस बार सूचनात्मक और तथ्यपरक प्रश्नों की अधिकता रही। तकरीबन 40 प्रश्न ऐसे थे जो सरकार की नीतियों, योजनाओं और करेंट अफेयर्स पर आधारित रहे। विशेषज्ञों के अनुसार राजव्यवस्था



**प्रयागराज में रही सर्वाधिक 68 फीसदी उपस्थिति**

**पीसीएस-2022 की प्रारंभिक परीक्षा में सर्वाधिक 68.38 फीसदी उपस्थिति प्रयागराज में रही। यहां परीक्षा के लिए 49514 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 33856 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, सबसे कम 42.57 फीसदी उपस्थित मैनपुरी में रही। मैनपुरी में परीक्षा के लिए 12200 अभ्यर्थी पंजीकृत थे और इनमें से 5194 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

और पर्यावरण के सवालों में दोहराव नजर आया। जिन्होंने पिछले साल का पेपर ठीक से पढ़ा होगा, उन्हें सवाल हल करने में ज्यादा दिक्कत नहीं हुई होगी। वहीं, सीसैट का द्वितीय प्रश्नपत्र औसत से अधिक कठिन रहा। आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज अबूबकरपुर में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी प्रशांत पांडेय और सुमित वर्मा ने बताया कि प्री की मेरिट में जगह बनाने के साथ इस बार क्वालीफाई करना भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा। संचार कौशल के करीब 35 सवाल पूछे गए दृष्टि आईएएस के एकेडमिक हेड गौरव मिश्र के अनुसार सीसैट के पेपर में अंतर वैयक्तिक क्षमता एवं संचार कौशल के तकरीबन 35 सवाल पूछे गए। पिछले साल की तुलन में इस बार सवाल काफी कठिन थे और अभ्यर्थियों को कंफ्यूज करने वाले थे। अंग्रेजी से जुड़े प्रश्न थोड़ कठिन थे, लेकिन हिंदी के प्रश्न सामान्य थे।इसी तरह प्रथम प्रश्नपत्र में सामान्य अध्ययन के सवाल के विकल्प भी उलझाऊ और अभ्यर्थियों को कंफ्यूज करने वाले थे। इस बार सामान्य अध्ययन में भूगोल एवं पर्यावरण से जुड़े 42 से 45 सवाल, राजव्यवस्था एवं विज्ञान के 15-15 सवाल और सीसैट के पेपर मे संख्यात्मक एवं निर्णयन क्षमता के 23, संख्यात्मक अभिरुचि के 12, अंग्रेजी के 12, सामान्य हिंदी के 12 सवाल पूछे गए।

# विवाद में बारा में युवक को मारी गोली, घायल



सीएचसी में घायल का इलाज करते डॉक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार**

**प्रयागराज।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा की एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष पर देशी तमंचे से जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी गई। जिसमें एक युवक को गोली भी लगी। घायल को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**सिर में लगी गोली, सीएचसी में चल रहा इलाज :** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवरिया ग्राम सभा के पिपरवा पूरा मनकवार की है। जहां के रहने वाले सूबेदार पटेल के द्वारा पुराने मकान पर नया निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसका विरोध पड़ोस के ही रहने वाले कमलेश पटेल के द्वारा किया गया और देखते ही देखते विवाद इतना गहरा हो गया कि दोनों पक्षों से लोग मारपीट पर आमादा हो गए। वहीं मौके पर मौजूद बबोल पटेल पुत्र कमलेश पटेल उम्र 22 वर्ष व मंगल पटेल पुत्र इंद्रपाल पटेल के द्वारा 12 बोर के देशी तमंचे से दूसरे पक्ष पर फायर कर दी गई। जिसमें अभिमन्यु पटेल पुत्र सूबेदार पटेल उम्र 25 वर्ष को गोली सर में लगी जिससे वह घायल हो गए। गोली लगने से घायल हुए अभिमन्यु पटेल को आनन-फानन में परिजनों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**पीड़ित ने 4 लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा :** जमीनी विवाद में गोली चलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची घूरपुर पुलिस के द्वारा जहां घटना की जानकारी ली गई। जबकि मौके पर पहुंचे एसपी जमुनापार सौरभ दीक्षित के द्वारा बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर के गोली चली है जिसमें एक युवक गोली लगने से घायल हुआ है। वहीं पीड़ित पक्ष के द्वारा चार लोगों के नाम से नामजद तहरीर दी गई है जिसमें से 2 लोगों को गिरफ्तारी की गई है और दो अन्य की गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। वही गोली लगने से घायल अभिमन्यु पटेल पुत्र सूबेदार पटेल की हालत सामान्य बताई जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**स्वरूपरानी चिकित्सालय में निर्मित मॉडलर आपरेशन थियेटर का फीता काटकर किया शुभारम्भ, साफ-सफाई, पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में बनाये गये मॉडलर आपरेशन थियेटर का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा मॉडलर आपरेशन थियेटर की प्रशंसा भी की। उन्होंने अस्पताल में भ्रमण कर साफ-सफाई, पीने के पानी तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुछ जगहों पर साफ-सफाई में कमी पाये जाने तथा कुछ स्थानों पर नल की टोटी में ठीक से पानी की सप्लाई न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य को इसको तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वहां पर कुछ मरीजों और उनके तीमारदारों से भी बातचीत की तथा उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं को तत्काल दूर किए जाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सभागार में अस्पताल के चिकित्कसकगणों, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वरूपरानी चिकित्सालय का



फीता काटते उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक



स्वरूपरानी चिकित्सालय का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री

गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आप सभी को जो दायित्व सौंपा है, वह बहुत ही पूण्य का कार्य है। अस्पताल में लोग रोते हुए आते है, आप सभी उनके दुख-दर्दों को दूर करके उनकों प्रसन्न करते हुए घर को वापस भेजते है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आप सभी लोग मरीजों को भगवान मानकर उनकी सेवा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी लोगो की जो भी समस्यायें है।

उनकों सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित किया जायेगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न होने पाये, मरीजों तथा उनके तीमारदारों की सही तरीके से काउसिलिंग करके उनको सही जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ एवं आउटसोर्स के कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना तथा उनकों आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी समस्यायें है, उनका शीघ्र ही समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, स्वरूपरानी के प्रधानाचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा चिकित्सकगण, पैरामेडिकल स्टाफ एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का वांछित गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर भडकाऊ एवं आपत्तिजनक पोस्ट करना एक युवक को महंगा पड़ गया धूमनगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा गया। कुछ दिन पहले जिले में हुई हिंसक घटना के बाद प्रयागराज की पुलिस हर अपराधी एवं अराजक तत्वों की गतिविधि पर नजर बनाई हुई है वही एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पाण्डेय द्वारा जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भडकाऊ पोस्ट डालने ब्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु दिए गये आदेश पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मौर्या ने फेसबुक पर भडकाऊ पोस्ट कर शांतिमाहौल खराब करने वाले वांछित आरोपी को आज गति तिराहा से दबोच लिया प्रभारी निरीक्षक के अनुशार थाना धूमनगंज में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 364/2022 धारा 154बी, 505,295ए व 66आईटी एक्ट में फेसबुक पर भडकाउ पोस्ट करने के सम्बंध में मामले दर्ज थे।क्षेत्र में शान्तिमाहौल खराब न हो मामले को गंभीरता से लेते हुए धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार मौर्या तेजी से छानबीन करते हुए आरोपी वांछित अभिषेक यादव पुत्र राम चंद्र यादव निवासी 92/110 मयास-ुद्दीनपुर धूमनगंज उम्र 23 वर्ष को आज गति तिराहा थाना धूमनगंज से गिरफ्तार कर लिया।

## यूरिया मिश्रित शराब के साथ दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

**थरवई।** थरवई पुलिस ने छापामारी करके मिश्रित शराब के साथ आज दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।वही पुलिस ने मौके पर भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण जब्त करके दोनों तस्करों के विरुद्ध सम्बन्धित मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की।एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पाण्डेय द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह की गिरफ्तारी करने हेतु जारी आदेश पर थरवई थाने के प्रभारी महेश मिश्र को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बहमलपुर में कुछ लोगो द्वारा अवैध मिश्रित शराब तैयार किया जा रहा है जिसके बाद थाना प्रभारी ने उप निरीक्षक अखिलेश कुमार हेड कांस्टेबल रामेश्वर राय, कास्टेबल सावन शर्मा, सुरेश की एक टीम बनाकर उन लोगो को गिरफ्तार करने हेतु भेजा मौके पर पहुची पुलिस ने उनके घर की घेराबंदी की पुलिस टीम देखकर दोनों तस्करों ने भागने की कोशिश की।पुलिस ने आरोपी ननकाई पुत्र रामअधार व तीरथ कुमार पुत्र रामशरण निवासीगण बहमलपुर थरवई प्रयागराज को घेर कर पकड़ लिया।मौके से 40 लीटर शराब,02 किलो 700 ग्राम यूरिया शराब बनाने के तमाम उपकरण बरामद करते हुये उन्हें थाने ले आयी जहा आगे की आवश्यक कार्यवाही किया गया।

## वरिष्ठ समाजसेवी विमलधर दुबे द्वारा नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज शिव मंदिर मे लगवाया गया हैंडपंप





**जंघई।** नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज परिसर में स्थित भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है जहां पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी चनेथू निवासी विमलधर दुबे द्वारा जनहित में इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया गया है।आस पास के लोग कई बार जनप्रतिनिधियों से हैंडपंप लगवाने का अनुरोध किया परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि पर इसका कोई प्रभाव नही पड़ा।कुछ दिन पूर्व मंदिर परिसर में हैंडपंप न होने की जानकारी मंदिर के पुजारी पंडित अतुल कुमार शुक्ला ने जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण को दिया रोहित ब्राह्मण ने तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए सोशल मीडिया पर मंदिर की समस्या को वायरल किया। प्रतापपुर विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विमलधर दुबे ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए रोहित ब्राह्मण से फोन पर वार्ता कर आश्वासन दिया और हैंडपंप शुक्रवार को लग गया सभी ने इस पुनीत कार्य हेतु विमलधर दुबे का आभार व्यक्त किया है। रोहित ब्राह्मण ने बताया बहुत जल्द लोगों के सहयोग से मंदिर प्रांगण में सोलर लाइट की व्यवस्था किया जाएगा एवं शिव महाआरती की भी आयोजन किया जाएगा।

# सिराथू विधायक पल्लवी पटेल की सदस्यता रद्द करने के लिए चुनाव आयोग को भेजा पत्र

**प्रयागराज।** भाजपा पार्षद पवन श्रीवास्तव ने निर्वाचन आयोग से सिराथू विधानसभा से विधायक पल्लवी पटेल की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की है। पार्षद के अनुसार निर्वाचित विधायक पल्लवी पटेल ने अपने चुनाव में संलग्न हलफनामे में दशार्या है कि उनके खिलाफ थाना गोमती नगर लखनऊ में तमाम धाराओं में मुकदमा दर्ज है। वह अभी तक दोषमुक्त नहीं हुई हैं। जबकि चुनाव के पूर्व सभी प्रत्याशियों को आदेश था कि वह अपने जिले के सर्वाधिक बिक्री वाले तीन सम्मानित समाचार पत्रों में तीन बार अपने व्यक्तित्व एवं चरित्र के बारे में पूरी सूचना से अवगत कराएं, ताकि जनता अपने प्रतिनिधि के बारे में जान सके।

# व्यापारी उत्पीड़न को लेकर व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, थाने पहुंचकर जताया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर बाजार में संचालित हो रही दूध डेरी में मारपीट तथा तोड़फोड़ की घटना को लेकर रविवार को व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। नाराज व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस पर कार्यवाई न करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर विरोध जताया । व्यापारियों का गुस्सा देखते हुए पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ छिनैती तथा हत्या के प्रयास व मारपीट, तोड़फोड़ तथा चोरी का केस दर्ज किया है।



उदयपुर बाजार में विरोध प्रदर्शन करते व्यापारी।

उदयपुर निवासी श्यामलाल मोदनवाल के पुत्र आशीष ने उदयपुर बाजार में दूध डेरी खोल रखी है। पुलिस को दी गयी तहरीर में आशीष ने कहा है कि ग्यारह जून को शाम साढ़े सात बजे डेरी पर काम करने वाले अविनाश सरोज को बाइक हटाये जाने की कहा सुनी में आरोपियों ने मारापीटा। इसके बाद आरोपी लाठी डंडे से लैस होकर डेरी भी पहुंच गये और वहां मारपीट व तोड़फोड़ की। आरोपियों ने पीड़ित आशीष व अविनाश को जमकर मारापीटा। चोट लगने से डेरी संचालक आशीष मौके पर बेहोश होकर गिर गया। शोर शराबा होने पर आरोपी डेरी में बिक्री का रखा हुआ पैसा दस हजार लेकर चोरी से लेकर चले गये। आरोपियों ने पीड़ित व्यवासायी को गाली देते हुए जांनलेवा धमकी भी दी। पीड़ित व्यापारी ने घटना के बाद उदयपुर थाने पहुंचकर कुसही गांव के महेन्द्र,अनिल व नागेन्द्र तथा गुन्नी के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने मामलें में कोई कार्यवाई नही की। रविवार की सुबह दूध डेरी में हुए बवाल को लेकर बाजार में गुस्सा फैल गया। नाराज व्यापारियों ने दुकान बंद कर बाजार में एकत्रित होकर पुलिस के खिलाफ हाथों में श्लोगन के साथ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों का गुस्सा देख उदपुर पुलिस के हाथ पांव फूल उठे। पुलिस ने व्यापारियों को समझाते हुए घटना के आरोपियों कुशही उदयपुर निवासी सुंदरलाल के पुत्रगण अनिल, महेन्द्र, नागेन्द्र व हेमू के पुत्र गुन्नी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## वेब सीरीज कलेक्टर साहिबा की शूटिंग शुरू

### सराय आना देव में दीपक पंडित ने की शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बॉलीवुड हो या भोजपुरी उनको फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रतापगढ़ का परिवेश पिछले सालो में इतना भा गया है कि यहाँ लगातार किसी न किसी फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन पर सेट बन ही जा रहा है। यहां के लोगो को कैमरा-रोल-एक्शन डायरेक्टर द्वारा सुनने को लगातार मिल रहा है।

इसी बीच जिले के सराय आना देव में वेब सीरीज कलेक्टर साहिबा की मुहूर्त के साथ शूटिंग शुरू हुई है। कई रीटेक के बाद पहला शूट फाइनल हुआ। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर दीपक पंडित ने बताया कि यह एक गरीब बाप की होनहार बेटी की कहानी है। फिल्म गरीब बेटियों और माता पिता के लिए प्रेरणा का काम करेगी। उन्होंने बताया कि बरसात बाद एक बड़ी फिल्म बड़े पर्दे की बड़े कलाकारों के साथ प्रतापगढ़ में ही शूट करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। कलेक्टर साहिबा में पिता के किरदार में अभिनेता



वेब सीरीज की शूटिंग करते कलाकार।

दिनेश और बेटी के किरदार में मिस इंडिया पंजाब रही सोनम नन्दा ने कड़े धूप में अपना सीन पूरा किया। कैमरा मैन सी पी श्रीवास्तव और मेकअप आर्टिस्ट किरण भी अखण्ड गर्मी को किनारे करते हुए सीन परफेक्ट करने की कोशिश करते रहे। लाइन प्रोड्यूसर कुँवर दुष्यंत सिंह व अन्य कलाकारो मे संजय शुक्ला, अंकुर तिवारी, सुरेश शुक्ला और स्वेता दीक्षित आदि स्थानीय कलाकार हैं।

## लम्बित विवेचनाओं पर दरोगाओं की एएसपी ने कसी पेच, लापरवाही पर किया आगाह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के अपरपुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा ने शनिवार की शाम लम्बित विवेचनाओं को लेकर लालगंज तथा संग्रामगढ़ के थानेदारों की जमकर क्लास ली। एएसपी ने सीओ कार्यालय में देर रात तक थानेदारों से अब तक दर्ज मुकदमों की विवेचना की प्रगति को लेकर समीक्षा की। समीक्षा में लालगंज कोतवाली में सर्वाधिक विवेचनायें लंम्बित देखकर एएसपी खासे नाराज दिखे । उन्होने दरोगाओं को महिला अपराध से जुड़े दर्ज मुकदमों में निस्तारण के साथ आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाई में भी शिथिलता पर जमकर फटकार लगाई। पास्कों एक्ट के मुकदमों में एएसपी ने गम्भीरता से जांच कर नामजद आरोपियों को जेल भेजे जाने के कड़ें निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान एएसपी ने सप्ताह भर बाद फिसडड्ी पाये जाने वाले दरोगाओं के एसपी को निलम्बन की रिपोर्ट भी भेजे जाने की चेतावनी दी। सीओ रामसूरत सोनकर को भी एएसपी ने विवेचनाओं के निस्तारण में प्रतिदिन थानावार प्रगति की समीक्षा किये जाने को कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लालगंज कमलेश पाल तथा संग्रामगढ़ एसओ सत्येन्द्र राय ने एएसपी को वांछित जानकारियां प्रदान की।

## कबीर साहेब की जयंती कल

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के तत्वावधान में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर कुटीर रूपापुर के प्रांगण में कबीर साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में 14 जून को एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए राकेश कनौजिया ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में महन्त राधेश्याम साहेब की पावन उपस्थिति रहेंगी। बैठक में दिनेश कुमार, वेद प्रकाश, विजय सरोज, बसन्त लाल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# जनता को न्याय जनता की भाषा में हो: सत्यांशु

### 15 जून को प्रतापगढ़ आएगी वीरांगना न्यायाग्रह यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय भाषा आंदोलन का शंखनाद पूरे देश में चल रहा है। उसी क्रम में वीरांगना न्यायाग्रह यात्रा काशी से ग्वालियर तक 14 जून से 18 जून तक निकल रही है। यह यात्रा काशी से चलकर प्रयागराज होते हुए 15 जून को प्रातः 9 बजे प्रतापगढ़ पहुंचेगी जिसका प्रतापगढ़ की धरती पर भव्य स्वागत 15 जून को प्रातः 9 बजे तुलसी सदन हादी हाल में जनमानस के मध्य एक सभा के आयोजन के साथ होगा, जिसमें मुख्य वक्ता श्री अरुण भारद्वाज राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय भाषा आंदोलन रहेंगे।

इस संबंध में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम



पत्रकारवार्ता में बोलते उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्यांशु ओझा।

के संयोजक व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्यांशु ओझा ने कहा कि आज भारत को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष हो गए हैं किंतु अभी तक न्यायालय की भाषा अंग्रेजी बनी हुई है। जो जनता के हित में नहीं है। आज आवश्यकता है कि जनता को न्याय जनता जनार्दन की भाषा में होना चाहिए। जब देश स्वतंत्र हुआ तो राज्यों का गठन भाषा के आधार पर हुआ। जब हमारे देश में राज्यों का गठन भाषाई आधार पर किया जाता है तो जनता को उसकी भाषा में न्याय क्यों नहीं प्रदान किया जा सकता? जब तक देश के सभी स्तरों के न्यायालयों में भारतीय भाषाओं में कार्य नहीं होता तब तक जनता को वास्तविक न्याय प्राप्त होना असंभव है। विधि और न्याय से संबंधित प्रक्रिया, साहित्य, पुस्तकें नियमावली, विधि शब्दावली आदि हिंदी और प्रादेशिक भाषाओं में उपलब्ध होना चाहिए तथा विधिक शिक्षा और प्रवेश परीक्षा का माध्यम भी हिंदी तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं में होना चाहिए पत्रकार बंधुओं से वार्ता करते हुए अधिवक्ता सूर्यकांत मिश्र निराला ने कहा कि आज इस आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। तथा इसमें समाज के प्रति प्रबुद्ध वर्ग, अधिवक्ता, शिक्षक, व्यवसाई, राजनेता, समाज के संभ्रांत नागरिकगण ,छात्र, अभिभावक तथा मातृशक्ति को साथ मिलकर आंदोलन को उचित दिशा देने की जरूरत है। जिससे इस आंदोलन का लक्ष्य जनता को जनता की भाषा में न्याय मिल सके। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री रमाशंकर शुक्ल दिनेश सिंह, विजेंद्र सिंह छोटे भैया रमेश पटेल, प्रभात मिश्र, प्रभाशंकर पांडेय, सत्य प्रकाश पांडे सीतांशु ओझा बी के द्विवेदी, संजय तिवारी पंकज तिवारी, सुरेंद्र प्रसाद रुद्र, राजेश मिश्र, संजीत शुक्ल, अधिवक्ता अजय पांडे अजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# मानधाता व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बने मनोज

### मानधाता बाजार इकाई का हुआ गठन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, संगठन मंत्री राहुल केसरवानी व धीरज उपाध्याय के साथ मान्धाता बाजार की इकाई का गठन किया गया।

मान्धाता बाजार के व्यापारियों के हित, सुरक्षा, सम्मान हेतु किया गया व्यापार मंडल के गठन का आयोजन कुन्दन सिंह, अध्यक्षता मदन गोपाल सिंह प्रधान और संचालन संतोष कुमार मोदनवाल ने किया। सर्वप्रथम आयोजक कुंदन सिंह ने कहा कि व्यापारी वर्ग आपस में व्यापार मण्डल से जुड़कर आपसी एकता और भाईचारा को मजबूत करें और अपने विभागीय समस्याओं



व्यापार मण्डल की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

का समाधान यदि मान्धाता में ना हल हो, तो जिलाध्यक्ष जी के मध्यम से जिले के अधिकारियों से हल कराएं।

तदोपरांत पूर्व मान्धाता अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रहरि द्वारा सर्वसम्मति से मान्धाता बाजार व्यापार मंडल हेतु अध्यक्ष मनोज केसरवानी और महामंत्री रमेश वैश्य (लल्ला) के नामों की घोषणा की गई, जिसका बैठक में उपस्थित लगभग दो सौ व्यवसायियों ने पूर्ण समर्थन किया। इसके बाद जिला संगठन मंत्री धीरज उपाध्याय ने सभी व्यापारियों को संगठित होकर, संगठन को मजबूत बनाकर, अपने आप को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। व्यापारी एकता जिंदाबाद के जयकारे के साथ जिला महामंत्री संजय सोनी ने कहा कि व्यापारियों की एकता और धर्म निरपेक्षता उनके विकास का मूल मंत्र है। इस मौके पर राजू सिंह प्रधान भावलपुर, राजकुमार अग्रहरि, बैजनाथ जी, मखदूम अग्रहरि, मोहम्मद रशीद अहमद, मोहम्मद जलील, मोहम्मद रुस्तम, जवाहर लाल अग्रहरि, कोमल अग्रहरि, जवाहर तेलहा, बृजेश जायसवाल, शिव प्रसाद प्रजापति, विकास त्रिपाठी, प्रभात त्रिपाठी, सूरज दुबे, लिटिल सिंह, बच्चा आदि अन्य अनेक सम्मानित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

## पति हुआ घर से लापता, पत्नी ने गुमशुदगी की दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** परिवार में पत्नी से कहासुनी के बाद एक युवक अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से कुछ दूर जाकर नीचे उतरा और वहां से लापता हो गया। पत्नी ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से अपने पति को खोजने की प्रार्थना की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गांव की रहने वाली लक्ष्मी देवी पुत्री दिनेश ने बताया कि उसके पति दिनेश कुमार शनिवार की सुबह 10 बजे घर से निकले अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से वह सूढ़ेमऊ मंदिर के समीप नीचे उतर गए उसके बाद कुछ पता नहीं चला अनहोनी की आशंका से परेशान पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर अपने पति को खोजने की पुलिस से अपील किया है।

# भाजुयमो पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। जिलाध्यक्ष को कहीं से सूचना प्राप्त हुई कि जिला अस्पताल में एक भी यूनिट रक्त नहीं है तो उन्होंने कार्यकताओं को एकत्र कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर भाजयुमो पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवनीश सिंह, शैलेश मिश्र, महामंत्री नीतीश, अभिषेक, सौरभ, विनय त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते भाजयुमो पदाधिकारी।

## हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतपगढ़।** पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि नवाबगंज थाना क्षेत्र में 3 जून को लेहदरी पुल के नीचे मानव कंकाल मिला था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान थानाध्यक्ष नवाबगंज सुधीर कुमार सोनी व एसओजी प्रभारी सुनील यादव की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि अपने दोस्त के साथ मिलकर राहुल यादव का गला दबाकर 30 मई को मौत के घाट उतारा था और शव को पुल के नीचे फेंक दिया था।

## जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला गंगा एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभागों को निर्देश दिया गया कि जैव विविधता के सम्बन्ध में उनके द्वारा बनायी गयी कार्ययोजना के प्रति प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को उपलब्ध करा दी जाये। वृक्षारोपण की महायोजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कृषि, मनेरगा, उद्यान, वन सहित अन्य विभाग जिनकों वृक्षारोपण कराने का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया है वे गड्ढा खुदवानें की सूचना वन विभाग को उपलब्ध करा दे तथा मनरेगा, वन विभाग तथा उद्यान विभाग अपनी वृक्षारोपण के लिये चयनित 10 सबसे बड़ी साइटों का विवरण की प्रति मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें तथा अन्य विभाग 5 बड़ी साईट जहां पर उनके द्वारा वृक्षारोपण कराया जाना है उसका विवरण मुख्य विकास अधिकारी एवं वन विभाग को उपलब्ध करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमाफिया प्लाटिंग कर बेच रहे है सरकारी जमीन

### राजस्व विभाग की मिली भगत से हो रहा है खेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भूमाफियाओं द्वारा राजस्व विभाग की मिली भगत से सरकारी जमीन की प्लाटिंग करके अवैध रूप से उसकी विक्री की जा रही है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए बसपा नेता ने कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय नगर क्षेत्र में इस समय प्रापर्टी डीलर्स खूब धडल्ले से प्लाट की खरीदारी व बेचने का कार्य कर रहे है। इसी आंड़ में प्रापर्टी डीलर्स राजस्व विभाग की सांठ-गांठ से सरकारी जमीनों की भी प्लाटिंग करके बेच दे रहे है। उक्त मामले में बसपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्र बाबी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि स्थानीय नगर पंचायत में प्रापर्टी डीलरों के द्वारा कृषक जमीन को खरीदकर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। उक्त मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होनें शिकायती पत्र मे कहा है कि कृषकों के जमीन की खरीद के साथ ही डीलरों द्वारा उससे जुड़ी सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जा कर लिया जा रहा है और उसकी प्लाटिंग करके बेच दिया जा रहा है। उन्होनें डीएम से जनहित के इस मामले मे उच्चस्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## अपूर्ण मानक पर कैसे मिल जाती है एनओसी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** नगर क्षेत्र में हो रहे प्लाटिंग में नियमानुसार नगर पंचायत से एनओसी होनी चाहिए।एनओसी विभाग तभी देगा जब सभी मानक पूर्ण होगे।नगर पंचायत में दर्ज भूमि पर ही निर्माण कार्य हो सकता है यही नही इससे पूर्व विकास कार्यो के लिए शुल्क जमा करके नक्शा विभाग से प्राप्त करना होता है। इस संबंध मे ईओ सुभाष चन्द्र से जानकारी के लिए बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन न उठाने की वजह से बात नही हो सकी।

## मारपीट व तोड़फोड़ की घटना में चौदह आरोपियों के खिलाफ बलवा व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा तोड़फोड़ व धमकी को लेकर क्रास केस दर्ज किया है। कोतवाली के तिलकराम निवासी मोतीलाल वर्मा पुत्र पोलई ने दी गयी तहरीर में कहा है कि दस जून को सुबह पौने नौ बजे गांव के गेंदा लाल पुत्र रामकिशोर , रामशरण, शिवशरण, पंचलाल तथा रामप्यारे पुत्रगण गेंदालाल व जीतेन्द्र पुत्र रामप्यारे एवं पंचलाल तथा रामलखन व रामप्यारे की पत्नियों ने रंजिशन लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे आकर मारपीट की। आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को गाली देते हुए गृहस्थी के सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिये। शोर मचाने पर आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने शनिवार की रात गेंदालाल समेत नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया ।

## सांसद ने किया अमृत सरोवर का शिलान्यास, योजना पर डाला गया प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन द्वारा अमृत सरोवर निमार्णा योजना के अन्तर्गत रविवार को अठेहा क्षेत्र के कुम्ही आईमा में सांसद संगमलाल गुप्ता ने सरोवर का समारोह पूर्वक शिलान्यास किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद संगमलाल ने कहा कि तालाब को सरोवर के रूप में विकसित किये जाने का सीएम योगी का मिशन ग्रामीण इलाके में जल संचयन के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। उन्होने कहा कि सुरक्षित जल के संचयन से कृषि क्षेत्र को भी लाभ पहुंच सकेगा। सीडीओ ईशा प्रिया ने अमृत सरोवर निर्माण योजना के ध्येय पर प्रकाश डाला। उन्होने ग्रामीणों से सरोवर की देख रेख को लेकर भी जागरूकता का अवाहन भी किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधान पुष्पा पाण्डेय व संचालन ओम प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में एसडीएम अरूण सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, बीडीओ सांगीपुर रमाशंकर पटेल, वीडियो ओम प्रकाश भी मौजूद रहे।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के साथ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी को लेकर शनिवार की रात्रि चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के खालसा सादात निवासी छेदीलाल की पत्नी ननकुल्ला ने दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के उमेश मौर्य व रमेश पुत्रगण रामआनन्द तथा पुत्तू पुत्र रमेश तथा रमेश की पत्नी ने रंजिशन उसे दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। आरोपियों ने विरोध करने पर पीड़िता को लाठी डंडे से मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सई नदी में अज्ञात महिला का शव बरामद, हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सई नदी में युवती का शव बरामद होने से रविवार को हड़कम्प मच गया। हालाकि शव को पीएम में भेजे जाने तक उसकी पहचान नही हो सकी। सांगीपुर थाना के बाबा घुइसरनाथ धाम के पूरब स्थिति देउम पम्प कैनाल के समीप रविवार को ग्रामीणों ने एक महिला का शव उतराया देखा। सूचना पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतका के शरीर पर चोटों के निशान भी पाये गये है। काफी देर तक मशक्कत के बावजूद भी पुलिस को महिला के शव के पहचान करने में सफलता नही मिली। उसकी उम्र लगभग बत्तीस वर्ष आंकी गयी है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कराकर दोपहर बाद पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इस बावत एसओ सांगीपुर जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि पीएम के लिए शव भेजवाया गया है। मृतका के शव की पहचान कराये जाने के लिए जिले भर के थानो के अलावा आस पास के जिलों की भी पुलिस को सूचना दी गयी। इधर मौके पर जमा भीड़ महिला की हत्या कर शव सई में फेके जाने की चर्चा में दिखे। बता दें कि अभी हाल ही में लालगंज कोतवाली क्षेत्र में भी सई नदी में हत्या का एक युवक का शव फेका गया था। हालाकि शव की पहचान सुल्तानपुर जिले के युवक के रूप में घटना के चार दिन बाद हो गयी।

## नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के एक गांव का युवक एक नाबालिक लड़की को भगा ले गया पीड़ित की मां ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के सूढ़ेमऊ गांव की एक महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया कि उसकी बेटी को एक गांव का लड़का शनिवार की दोपहर योजनाबद्ध तरीके से भगा ले गया उसने नाबालिक लड़की के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है इस संबंध में तहरीर देकर उसने उचित कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव नही हुई शिनाख्त

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू स्टेशन के पास मिले शव की शिनाख्त नही हो सकी है शनिवार देर रात सिराथू रेलवे स्टेशन खम्भा न.881/01 के पास एक अज्ञात युवक उम्र तकरीबन 25 वर्ष ट्रेन से रन ओवर के चलते मौत हो गयी थी सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सिराथू राकेश कुमार रॉय शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज कर अज्ञात शव के शिनाख्त में जुट गए हैं खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नही हो सकी है।

### शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी की बोगी में लगी आग

**कौशाम्बी।** हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के कोखराज थाना अन्तर्गत शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास एक मालगाड़ी की बोगी में आग लग गई है यह माल गाड़ी इलाहाबाद से कानपुर की तरफ जा रही थी माल गाड़ी में आग लगने की जानकारी जैसे ही रेलवे स्टेशन मास्टर को मिली उन्होंने मौके पर रेलवे कर्मचारी को भेजा रेलवे कर्मचारी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया रेलवे कर्मचारियों ने मालगाड़ी की बोगी में पानी डालकर आग बुझाया आग बुझने के बाद रेलवे स्टेशन मास्टर ने राहत की सांस ली।

# मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी सतर्क होकर करें ड्यूटी : जिलाधिकारी

## डीएम एवं एसपी ने जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सम्राट उदयन सभागार में बैठक की जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय बनाकर जिम्मेदारी पूर्वक ड्यूटी करें तथा अपने अपने क्षेत्र का सम्पूर्ण भ्रमण कर भली-भाँति जानकारी रखते हुए सतर्क होकर कार्य करें उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि सभी पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित कर दिया जाय कि वे किसी भी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल न दें पुलिस अधीक्षक ने सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि शान्ति एवं कानून व्यवस्था की डृयूटी सतर्क होकर करें तथा सभी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाय जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाये बैठक में अपर पुलिस सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित थे।




जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुपर जोनल जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक करते व निर्देशित करते जिलाधिकारी



## महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान ने बाल श्रमिकों के भविष्य संवारने का उठाया जिम्मा

**कौशाम्बी।** बाल श्रमिकों और बाल अपराधियों के भविष्य को संवारने के लिए जहां एक ओर देश प्रदेश की सरकार विभिन्न कार्य योजनाएं बनाकर उनको स्वालंबन आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है दूसरी तरफ महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान ने भी बाल श्रमिक बाल अपराधियों के भविष्य को लेकर योजनाएं बनाना शुरू कर दिया है संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने बाल श्रम दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर बाल श्रमिकों और बाल अपराधियों के जीवन संवारने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने का जिम्मा उठाया है उन्होंने कहा कि है बच्चे देश का भविष्य है और अनजाने में अपराध कर बैठते हैं इन्हें अपराध बोध का ज्ञान नहीं है जिससे इन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए जागरूक किए जाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि बच्चे जब जागरूक होंगे तो परिवार के विकास के साथ-साथ देश के विकास में सहयोग करेंगे। अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कहा कि छोटी-छोटी बच्चियों को सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर का निशुल्क कोर्स कराया जाएगा जिससे वह आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें। छोटी-छोटी बच्चियों को आत्म निर्भर बनाने से उनका परिवार भी बाल श्रम और बाल अपराध से दूर होगा उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं भी बाल श्रमिक दिखाई पड़े तो इसकी सूचना पुलिस थाने से लेकर महिला अधिकार एवं जागृति संगठन को देकर बच्चों के भविष्य संभालने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा इसके लिए निशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है 2 दिन पूर्व जिले में बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य निर्मला पटेल ने भी जिले में आगमन के बाद बाल अपराधों में कमी लाने के निर्देश दिए हैं।

# शौच जाते समय छीटा कशी का विरोध करना पड़ा महंगा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के नेता नगर की सीमा देवी पत्नी ओम प्रकाश ने थाना चरवा में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि अपने पति और बच्चों के साथ वह थाना चरवा क्षेत्र के भैरव भीटी के पास एक ईंट भट्ठा में मेहनत मजदूरी करके भरण पोषण करती है 11 जून की शाम 5:00 अंजलि शौच के लिए जा रही थी जाते समय रास्ते में मेरे ही गांव के उसी भट्ठे में काम करने वाले गोविंद व झल्लर ने मिलकर मेरी लड़की अंजलि से छीटा कशी करने लगे जब मेरी लड़की ने छीटा कशी का विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए कहा की कहीं शिकायत करने पर उपरोक्त दोनों जान से मार देगे पीड़ित परिवार ने बताया है कि जब घटना के बारे में मेरी लड़की ने आकर हम लोगों से बतायी तो उलाहना देने उन लोगों की झोपड़ी में गए थे उलाहना लेने के बजाए उपरोक्त लोग आग बबूला हो गए और करीब 10:00 बजे रात्रि को अशोक मुकेश झल्लर और नितेश पुत्रगण पारस लाठी-डंडों से लैस मेरे झोपड़ी में घुसकर गाली गलौज करते हुए मेरे पति और मेरी लड़की को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया है चीख-पुकार सुनकर मजदूर लोग मौके पर आ गए लोगों को देख कहीं शिकायत करने पर उपरोक्त सभी विपक्षियों ने जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित परिवार स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए उपरोक्त सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### दबंगो ने झोपड़ी में घुसकर लाठी-डंडों से किया लहूलुहान



हमले में घायल

### वीडियो वायरल होने के बाद 5 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया पुलिस चौकी अंतर्गत सिंघिया गांव निवासी आशुतोष कुमार पुत्र शंभू लाल के घर पर गांव के श्रीचंद और उनके पुत्रों ने शनिवार की सुबह लाठी डंडा लेकर चढ़ाई कर कर दिया है श्रीनाथ और उनके पुत्रों ने आशुतोष के परिवार पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया जिससे आशुतोष उसकी मां उसकी पत्नी भाई पिता समेत पांच लोग लहूलुहान हो गए हैं आशुतोष का कहना है कि हमलावरो ने उसके घर में रखा 50 हजार रुपए नगद और लाखों का जेवर भी लूट लिया है घटनास्थल पुलिस चौकी से कुछ दूर होने के बाद भी मौके पर चौकी पुलिस नहीं पहुंची है मामले की सूचना डायल 112 को दी गई है मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है।

# पुलिस गस्त हुई तेज चप्पे-चप्पे पर है पुलिस की नजर

## क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ मंझनपुर कोतवाल ने समदा चौराहे और आसपास के व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समाज में अमन-चैन स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस की गश्त तेज हो गई है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवानों की नजर है वातावरण को देखते हुए पुलिस फोर्स भी जगह-जगह पर तैनात की गई है जो प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रख रही है शनिवार की शाम मंझनपुर क्षेत्राधिकारी के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर तथा चौकी प्रभारियों ने पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा चौराहा और उसके आसपास पैदल गस्त किया इस दौरान पुलिस टीम ने चौराहे के आसपास व्यापारियों एवं जनता के व्यक्तियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गस्त और व्यापारियों से वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने आम जनता और व्यापारियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है।



सीओ के साथ भ्रमण करते कोतवाल

# महिला सशक्तिकरण के बारे में महिलाओं को जागरूक कर रही हैं महिला पुलिस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति के तहत महिला थाना एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वाराप्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं से मिलकर उनसे वार्ता कर महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया जा रहा है साथ ही पैंपलेट बांटकर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी महिला थानेदार और एंटी रोमियो द्वारा दी जा रही है इसी क्रम में मिशन शक्ति के तहत थाना सराय अकिल एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और बालिकाओं से मिलकर उनसे वार्ता कर महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही पैंपलेट बांटकर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के इसी क्रम में जिले के अन्य थाना की महिला पुलिस और चौकी की महिला पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है जिले में प्रत्येक दिन महिला सशक्तिकरण का कार्य पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है शनिवार को थाना पिपरी एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं से मिलकर/वार्ता कर महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही पैंपलेट बांटकर महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी।



बालिकाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिस

# प्रत्येक थाना पुलिस द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जिले के प्रत्येक थाना पुलिस द्वारा प्रत्येक दिन शाम को पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है इसी क्रम में थाना चरवा पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर अतिक्रमण न करने की अपील की गई।

इसी तरह थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर अतिक्रमण न करने की अपील की गई। इसी तरह थाना कोखराज पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर अतिक्रमण न करने की अपील की गई। इसी तरह थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर अतिक्रमण न करने की अपील की गई। इसी तरह अन्य थाना पुलिस चौकी पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया है।



पैदल गश्त करती पुलिस

## ड्रोन कैमरे की मदद से संदिग्ध लोगों के घरों पर पुलिस की लगी है पैनी नजर

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय ड्रोन टीम द्वारा सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को सतर्कता बरतते हुए मिश्रित आबादी वाले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे की सहायता से संवेदनशील गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुये निगरानी की गयी तनावग्रस्त स्थिति को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और ड्रोन कैमरे की मदद से लोगों के घरों की गतिविधियों को खंगाल रही है जिले के प्रत्येक थाना पुलिस द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे की मदद से संदिग्ध लोगों के घरों पर नजर रखी जा रही है पुलिस की सक्रियता से जनपद में अमन चैन की स्थिति बहाल है और अराजकता करने वाले लोगों के पसीने छूट रहे हैं।

### महिला जनसुनवाई 15 जून को

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जनपद में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग उशारानी 15 जून को मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से विशयक जागरूकता चौपाल तथा महिला जनसुनवाई की जायेगी महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस मंझनपुर में की जायेगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम ने दी है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनो को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 63 वाहनों का ई-चालान किया गया व 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया साथ ही कोरोना का पालन न करने वाले व मास्क लगाने वालर एक व्यक्ति से 200 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

# मासूम बच्ची के साथ रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना सैनी क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में मासूम बच्ची के साथ बलात्कार करने पहले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने लिखा पढ़ी कर उसे जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोक पुर गांव में शुक्रवार की रात्रि शादी कार्यक्रम के दौरान एक मासूम बच्ची के साथ दरिंदे ने रेप किया था रेप की जानकारी मिलते ही प्रथम दृष्टया जांच में प्रकरण सत्य पाये जाने पर प्रपत्र के आधार पर तत्काल थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत कर पीड़िता को नियमानुसार मेडिकल के लिए पुलिस द्वारा रवाना किया गया मेडिकल ने रेप की पुष्टि कर दी जिस पर पुलिस ने आरोपी अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार उर्फ धुनकारी पुत्र राम सिंह उर्फ झाड़ी निवासी त्रिलोकपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।





पुलिस हिरासत में रेप का आरोपी

### आधा किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रमेश नारायण मिश्रा पुत्र सदाशिव मिश्रा निवासी लौंगावा थाना महेवाघाट को 500 नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कद पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में मारपीट करने के आरोप में थाना कड़ाधाम से एक थाना सराय अकील से तीन थाना मंझनपुर से आठ कुल 12 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### सौतेली मां से विवाद के बाद बेटा हुआ लापता

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपनी सौतेली मां से बेटे की तीस मई को कुछ बातों को लेकर कहासुनी हुई जिसके चलते अगले दिन सुबह वह घर से यह कहकर निकला कि वह अपने बुआ के यहां जा रहा है जिसके बाद वह अभी तक घर वापस नहीं आया जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के ग्राम मोअज्जमपुर निवासी बब्लू पुत्र गोले उम्र 24 वर्ष 30 मई को सौतेली मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था इसके बाद अगले दिन वह घर से यह कहकर निकला कि वह बुआ के घर जा रहा है लेकिन दस दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं आया तो इसकी जानकारी जब उसके बड़े भाई ललवा ने किया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई वह आनन फानन में महाराष्ट्र से वापस अपने घर आया और रिश्तेदारी सगे संबंधी और मित्रों के यहां काफी खोजबीन किया लेकिन जब उसका भाई उसे नहीं मिला तो उसने थक हारकर थाना करारी में तहरीर देकर गुहार लगाई है।

# किसान के घर में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवाना में लखन लाल पुत्र सहदेव के घर के पीछे के हिस्से में रविवार को दोपहर अचानक आग लग गई है बताया जाता है कि घर के पीछे कूड़ा पड़ा था और कूड़े से आग लगी है देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है और लखन लाल के घर के पीछे के हिस्से में पहुंच गयी तेज लपट देखकर मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंचे और ग्रामीणों ने प्रयास करके आग पर काबू पाया है लेकिन तब तक लखन लाल का घर का एक हिस्सा जलकर खाक हो गया है लकड़ी भूसा छप्पर बर्तन आनाज लकड़ी की धन्नी वा अन्य सामान इस अग्निकांड में जल गया है ग्रामीणों ने बताया कि अग्निकांड की घटना में लगभग 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके से गांव नहीं पहुंच सकी है ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया है आग बुझने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची है और औपचारिकता के लिए खाक हो चुके सामान पर पानी छोड़ कर फोटो बना लिया है खबर लिखे जाने तक राजस्व कर्मी गांव नहीं पहुंचा है इस अग्निकांड में लखन लाल का लगभग दस बोरी आनाज भूसा उपली लकड़ी धन्नी घर का छप्पर बर्तन सहित 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ है अग्निकांड में ट्रांसफार्मर के नीचे लगी दर्जनों लोगों की केबल जल गई है और घटनास्थल पर एक विशाल पीपल का पेड़ था वह भी अग्निकांड में बुरी तरह से जल गया है।



संपादकीय

# पैगंबर-विवाद: बात का बतंगड़

पैगंबर-विवाद को लेकर भारत और इस्लामी देशों में कैसा बात का बतंगड़ बन रहा है। भाजपा के जिन दो लोगों के बयान पर कुछ इस्लामी राष्ट्रों ने आपत्ति की थी, उसे मानकर दोनों ने माफी मांग ली और भारत सरकार ने दोनों का पक्ष भी नहीं लिया। ऐसे में सारा विवाद शांत हो जाना चाहिए था लेकिन यह विवाद द्रौपदी के चीर की तरह खिंचता ही चला जा रहा है। जहां दिल्ली में पुलिस ने 31 व्यक्तियों के खिलाफ रपट दर्ज कर ली है, वहां कुछ इस्लामप्रेमियों ने प्रवक्ताओं के मुंडी या जुबान काटकर लानेवाले के लिए लाखों-करोड़ों का इनाम घोषित कर दिया है। अभी तक लोगों को यही पता नहीं है कि पैगंबर मोहम्मद पर जो टिप्पणी की गई थी, वह क्यों की गई थी और उस टिप्पणी में क्या कहा गया था। टिप्पणी के समर्थकों और विरोधियों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। यही हाल इस्लामी देशों का भी है। पाकिस्तान जैसे देश को, जो खुद भयंकर मुसीबत में फंसा हुआ है, अब एक नई बटेर हाथ लग गई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और इमरान के बीच दौड़ लगी हुई है कि भारत की भर्त्सना करने में कौन आगे निकल जाए। कराची के एक मंदिर में भी तोड़फोड़ कर दी गई है। शहबाज सरकार इस अंदेशे से सतर्क हो गई है कि कहीं पाकिस्तान के हिंदुओं पर जबरदस्त हमले ने हो जाएं। इधर मालदीव की सरकार और उसके विपक्षियों के बीच तलवारें खिंच गई हैं। जैसे पाकिस्तान की संसद ने भारत की भर्त्सना का प्रस्ताव पारित कर दिया है, बिल्कुल वैसा ही प्रस्ताव मालदीव के विपक्षी नेता अपनी संसद में भी पास करना चाहते हैं। इस्लामी सहयोग संगठन की भरसक कोशिश है कि यह मामला संयुक्तराष्ट्र संघ के मंचों पर भी तूल पकड़े। आजकल मालदीव के अब्दुल्ला शाहिद संयुक्तराष्ट्र महासभा के अध्यक्ष हैं। पाकिस्तान को हराकर वे अध्यक्ष बने थे लेकिन वे इस मुद्दे पर काफी संयत रुख अपनाए हुए हैं। ईरान की हमें तारीफ करनी होगी कि इस विवाद के दौरान ही उसने अपने विदेश मंत्री को भारत भेजा और आपसी सहयोग के नए आयाम खोले।

इस्लामी सहयोग संगठन के 57 सदस्य हैं लेकिन उनमें मुश्किल से डेढ़ दर्जन सदस्यों ने भारत से अपनी नाराजगी जाहिर की है। शेष सदस्यों को यह समझ में ही नहीं आ रहा है कि इस पैगंबर-विवाद का असली मुद्दा क्या है। भारत के विरोधी दल, खासतौर से कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर ऊटपटांग बयान जारी कर-के अपनी भद्द पिटवा रहे हैं। सबसे अधिक संतोष की बात यह है कि भारत के औसत मुसलमान ने अपना संयम बनाए रखा है। कुछ प्रमुख मुस्लिम संगठनों ने भाजपा प्रवक्ताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर संतोष भी व्यक्त किया है। लेकिन दोनों पक्षों के कट्टरपंथी अपनी टेक पर डटे हुए हैं। वे एक-दूसरे पर प्रहार करने में नहीं चूक रहे हैं। वे एक-दूसरे के महापुरुषों पर कीचड़ उछाल रहे हैं।

भारत और इस्लामी राष्ट्र इस समय कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। आपस में मिलकर उनसे लड़ना तो दूर रहा, वे बात के इस बतंगड़ में फंसकर न तो अपना कुछ भला कर रहे हैं और न ही अपने धार्मिक महापुरुषों के सम्मान की रक्षा कर रहे हैं।

# जमा करें संवेदनाओं एवं प्रेम के रिश्तों की पूंजी को

**ललित गर्ग**



आज हर इंसान दुःखी है। कुछ दुःख तो बाहर से आता है और बहुत सारा दुःख हमारे भीतर ही विद्यमान है। बाहर का दुःख पदार्थजनित है और भीतर का दुःख अपवित्र सोचजनित। लेकिन एक बात निश्चित है कि अगर भीतर से पैदा होने वाले दुःख की रोकथाम कर ली जाये यानी भीतर की दुनिया को पवित्र एवं पावन बना लिया जाये, निराशावादी लोगों से दूरी बना ली जाये, शुभ होने की उम्मीद रखी जाये, प्रेम, संवेदना एवं स्नेह के रिश्तों की पूंजी को जमा कर ली जाये तो बाहर से आनेवाला दुःख हमें बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर पायेगा। बाहरी दुःखों को व्यक्त करने का माध्यम है रुदन-रोना। एक ही दुख को दो व्यक्ति अलग तरीके से अनुभव करते हैं। दुख का सामना करने का कोई एक सही तरीका होता भी नहीं। कुछ चुप रहकर दुख झेल जाते हैं, तो कुछ रो पड़ते हैं और कुछ बीती बातों को दूसरों से बांट कर मन हल्का कर लेते हैं। दूसरों का तरीका सही है या गलत, यह राय देने से बेहतर है, उन्हें उबरने का समय दें। अपना जरूरी साथ दें। रोना बुरा नहीं है। दूसरों के सामने खुद को रोने से रोकना भी गलत नहीं। दुखी हैं पर वजह नहीं पता, तो भी ठीक है। होता है ऐसा। यह नाटक नहीं है और न ही आप मूर्ख हैं। ये आपकी भावनाएं हैं। लेखिका हॉली रिऑर्डन कहती हैं, ह्यनिराशा के क्षणों में भरोसा रखें कि सब ठीक हो जाएगा। भले ही अभी ऐसा न लग रहा हो, पर जरूर सही हो जाएगा।ह्व हमें सुखी जीवन के कारणों की खोज करनी है। वे कारण हमारे भीतर हैं। हम अपने भीतर झांके और उन सूत्रों की खोज करें। सुख का यही सबसे अच्छा उपाय है। सम्यक ज्ञान, दर्शन और चरित्र का प्रयोग और उपयोग हो तो बहुत बड़ा परिवर्तन आ सकता है। कभी-कभी दुःखों का कारण हमारे रिश्ते भी बनते हैं। दरअसल, जिन रिश्तों से सिवाय कष्ट और पीड़ा के कुछ हासिल नहीं होता, उनमें अपनी भावनाएं और ऊर्जा निवेश करने से बचने में ही समझदारी है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि आप खुद को बदलना शुरू कर दें। आपको केवल उन रिश्तों से ध्यान हटाने की जरूरत है, जो आपके तमाम प्रयासों के बावजूद सिवा कष्ट और पीड़ा के कुछ नहीं दे पा रहे हैं। ज्यादातर समय हम मुखौटा ओढ़े रहते हैं। जैसे भीतर होते हैं, वैसे ही बाहर बने रहने से बचते हैं। डरते हैं, खुद को छिपाए रहते हैं। आप क्या चाहते हैं और क्या हैं, इसे सम्मान देना सीखें। अपनी जिंदगी जिएं। अफ्रीकी-अमेरिकी लेखिका माया एंजिलो कहती हैं, साहस सबसे जरूरी गुण है। इसके साथ के बिना किसी भी अन्य गुण को जीवन में लाया नहीं जा सकता। इसी से दुःख मुक्ति भी संभव है। सुख और दुःख अनादिकाल से रहे हैं और रहेंगे। यह दुनिया न तो कभी पूर्ण रूप से सुखी रही है, न पूर्ण रूप से दुःखी। कम या ज्यादा मात्रा में हर समय और हर काल में सुख और दुःख अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं। जिन्हें हम अवतार मानते हैं, उनके समय में भी दुःख-दैन्य की स्थिति रही। क्योंकि इसकी फिलॉस्फी कर्म और प्रारब्ध के साथ भी जुड़ी हुई है। यह प्रश्न आप पर ही निर्भर करता है कि सुख-दुःख को आप ज्ञानी की तरह काटना चाहते हैं या अज्ञानी और मूर्ख की तरह? जीवन में नैतिक, पवित्र और प्रामाणिक बनेंगे तो न अमीरी सताएगी, न गरीबी। तभी आप गरीबी का अनुभव नहीं करेंगे और अमीरी का दुरुपयोग नहीं करेंगे। दोनों की अनुभूति में सम रहेंगे। गरीबी का अनुभव नहीं होगा तो दुःखी होने का प्रश्न ही नहीं होगा। अमीरी का अहंकार नहीं होगा तो दुःख पैदा करने वाले प्रसंग नहीं आयेंगे। दुःख के कारणों को कम करने का तरीका है, सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण शक्तियों को संगठित करना। बैंक में सभी पैसे जमा करते हैं लेकिन अपने लोगों का प्यार, सहानुभूति, करुणा, स्नेह-भावना, आसपास के लोग, उनकी संवेदनाएं जो आपकी ताकत हैं, वो कहां जमा करते हैं? जमा नहीं करेंगे, तो वक्त पर एक-दूसरे के काम कैसे आएंगे? इसे प्रसिद्ध साहित्यकार पाउलो कोहेलो ने अपने उपन्यास द जाहिर में उपहार बैंक कहा है। ये ख्याल अपने आप में कितना उम्दा है कि आप अपने लिए एक ऐसे लोगों का समूह तैयार करें, जो वक्त पड़ने पर आपके काम आए। नेल्सन मंडेला कहते थे, पैसा आपको कभी खुश नहीं कर सकता। आपको खुश करते हैं आपके आसपास के लोग। आप अपने लिए दूसरों से जो चाहते हैं, वो उनके लिए करें। फिर देखिए, देखते ही देखते आपके आसपास ऐसे लोग जमा हो जाएंगे, जो आपकी तरह सोच रखते होंगे।सामाजिक संबंधों का एक ताना-बाना हमारे इर्द-गिर्द बना हुआ है, लेकिन उनको स्थायित्व देने, वक्त-जरूरत उनसे लाभ लेने की सोच को विकसित करना जरूरी है। संबंध स्थायी हो अथवा अस्थायी, वह हमें बांधते हैं। वक्त का हर लम्हा कर्म हेतु ही हमको प्रेरित करता है। बीते हुए लम्हों को हम पकड़ नहीं पाते हैं। समय ही हमको जिताता है और समय से ही हम हार जाते हैं। कर्म से ही उद्योग बनता है। घर परिवार से हमारा समन्वय होता है तो निजता तिरोहित हो जाती है और प्रभुता प्रतिष्ठित हो जाती है। इसी से दुःख कम होते जाते हैं या दुःखों का अहसास नहीं होता। कुटुम्ब, परिवार और विद्यालय में हमें सामूहिकता का संज्ञान होता है। समूह प्रवृत्ति का विकास होता है। सामाजिकता से हमारा आचरण, चरित्र एवं व्यवहार बनता है। समाज में हमारी छवि बनती है। हम सीखते और सिखाते हैं।

हमारी क्षमताओं का विकास होता है और हम अपनी क्षमताओं की पहचान भी सीखते हैं। हम अपने उत्तरदायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं। हम अपने कर्तव्य पहचानते हैं, लोकाचार को निभाते हैं। हम लोकोपवाद की भी चिंता करते हैं। समाज की परवाह करते हैं। हम अपने रीति-रिवाज एवं परम्पराओं का आदर करते हैं। सांझी छत, सांझे चूल्हे की बात ही और थी। घर में बड़ा खुला आंगन होता था। आंगन में स्थापित तुलसी चौरा में तुलसी की पौध हुलसती थी चौरा के आलो में सांझ ढलते ही दीपक प्रज्ज्वलित कर दिये जाते थे। बड़ा दालान और प्रवेश द्वार के साथ घर की भव्यता देखते ही बनती थी। किन्तु अब सब कुछ टूट चुका है, सहकार पीछे छूट चुका है। परिवार टूटे हैं, बिखरे हैं। हर कोई एकाकी है। वैयक्तिकता हर जगह हावी है। दिल टूटे हैं। स्वार्थपरता हावी है।

यों तो हम विश्व ग्राम की बात करते हैं किन्तु अपने ही घर में अपनों से ही डरते हैं। सच-झूठ के सहारे दुनिया चल रही है। आज अनुचित को उचित ठहराने की कोशिश की जाती है। सामाजिक गिरावट का असर पर्यावरण पर भी पड़ता है। उपभोक्तावाद, अपसंस्कृति और मानसिक विकृतियां हावी हैं। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें विगत की नाकामियों को भूलकर आगत की चिंता करनी चाहिए। भविष्य की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। आचरण की श्रेष्ठता पर जोर देना चाहिए। सत्य का वरण करना चाहिए। जिस दिन हम सच्चाई को स्वीकार लेंगे, अच्छाई के रास्ते पर चलेंगे, हमारा समाज भी कल्याणकारी हो जाएगा। हम जैसे हैं, वैसे ही दिखलाई देने लगेंगे अर्थात हमारी कथनी और करनी का अंतर खत्म हो जाएगा तब हममें विघटन नहीं संगठन होगा। समाज में व्यापक परिवर्तन होगा, सारे दुःख एवं सारी समस्याएं स्वयमेव तिरोहित हो जायेंगे।

> हमारी क्षमताओं का विकास होता है और हम अपनी क्षमताओं की पहचान भी सीखते हैं। हम अपने उत्तरदायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं। हम अपने कर्तव्य पहचानते हैं, लोकाचार को निभाते हैं। हम लोकोपवाद की भी चिंता करते हैं। समाज की परवाह करते हैं। हम अपने रीति-रिवाज एवं परम्पराओं का आदर करते हैं। सांझी छत, सांझे चूल्हे की बात ही और थी। घर में बड़ा खुला आंगन होता था। आंगन में स्थापित तुलसी चौरा में तुलसी की पौध हुलसती थी

# विलुप्त होते नैतिक मूल्य, पुरुष समाज की ज्यादति सिर्फ स्त्रियों पर ही क्यों ?

**संजीव ठाकुर**

अब नैतिक मूल्यों का क्षरण धीरे धीरे तेज होता जा रहा है' धन तथा पद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं' भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होती रहे। प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है' शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45% आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय सामाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है। भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है।

# शारीरिक व मानसिक विकास को रौंदते ऑनलाइन गेम्स

**सुनील कुमार महला**

**ऑनलाइन** गेम खतरनाक सिद्ध हो रहे हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की घटना रोंगटे खड़े करने वाली है जिसमें ऑनलाइन गेम खेलने से रोकने वाली मां को नाबालिग मात्र 16 साल के बेटे ने गोली चलाकर मार दिया। यह बहुत ही दुखद घटना है।ऑनलाइन गेम आत्मघाती सिद्ध हो रहे हैं। जानकारी देता चलूँ कि हाल ही की घटना में नाबालिग लड़के ने 10 साल की अपनी छोटी बहन को धमका कर मां की लाश को तीन दिन तक घर में छिपाए रखा। पिता को मां की जगह मैसेज भेजता रहा। इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। लेकिन इस घटना के साथ ही बच्चों में मोबाइल गेम खेलने की खतरनाक होती जा लत को लेकर नए सिरे से सवाल भी खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि मोबाइल गेम खेलने वाले 95 .65 फीसदी बच्चे तनाव की चपेट में आसानी से आ जाते हैं। 80 .43 फीसदी बच्चे गेम के बारे में दिन रात सोचते हैं। स्कूल में भी गेम को लेकर फिक्रमंद रहते हैं। ऑनलाइन गेम में पीछे छूटने की चिंता रहती है। यह तथ्य केजीएमयू के शोध में सामने आए हैं। बच्चे गेम डिस आर्डर की चपेट में आ रहे हैं। आज पचास प्रतिशत से अधिक बच्चे पुराने खेल जैसे बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, बॉलीवॉल, खो खो, लूडो, शतरंज व पार्क में अन्य गेम नहीं खेलते बल्कि ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं। बच्चे गेम्स के इस कदर दीवाने हो गये हैं कि वे परिवार में किसी का कहना तक नहीं मानते हैं, खाना तक नहीं खाते हैं, बात बात में झूठ बोलते हैं, गुस्सा करते हैं, समय पर सोते नहीं है, होमवर्क तक नहीं करते हैं। मां बाप व अभिभावक भी आज अपने छोटे बच्चों को मोबाइल दिखाकर खाना खिला रहे हैं। वे मोबाइल दिखाकर बच्चों को दूध पिला रहे हैं। उन्हें सुलाने के लिए वे मोबाइल का सहारा ले रहे हैं। यह बच्चे की शारीरिक व मानसिक सेहत के लिए घातक है। जो बच्चे मोबाइल पर गेम खेलते हैं, ऐसे बच्चों की आंखों को मोबाइल, टीवी या कम्प्यूटर की स्क्रीन भाने लगती है। जब स्क्रीन नहीं दिखती है तो वे बेचैन होने लगते हैं। पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं देते हैं।आगे चलकर इन बच्चों में गुस्सा अधिक पनपता है। वे चिड़चिड़े होते चले जाते हैं। नतीजन जब तक मोबाइल नहीं देखते वह खाना तक नहीं खाते हैं। यदि हम आंकड़ों की बात करें तो यह जानकारी मिलती है कि इस समय भारत की 41 फीसदी आबादी जो 20 साल से कम उम्र की है, ऑनलाइन गेम्स की आदी बन चुकी है। वर्ष 2018 तक भारत में ऑनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या 26 .90 करोड़ थी। कोरोना काल के बाद से इस आंकड़े में बड़ा इजाफा हुआ और अब 2022 के अंत तक ये आंकड़ा 51 करोड़ को भी पार कर सकता है, यह अत्यंत ही गंभीर और संवेदनशील है। भारत आज पचपन करोड़ से अधिक युवा आबादी वाला विश्व का सबसे युवा देश है। आज हमारे युवा किस कदर ऑनलाइन गेम्स के प्रति दीवाने हैं, इस बात का पता हाल ही की घटना से पता चलता है कि मात्र गेम खेलने से रोकने पर युवा को इतना बुरा लगा कि उसने अपनी मां की हत्या कर दी। आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और इंटरनेट के साथ ऑनलाइन गेम्स में डूबी है। जानकारी देता चलूँ कि पश्चिम बंगाल में तैनात सेना के एक जूनियर कमीशंड अफसर के बेटे ने भी पिता के लाइसेंसी हथियार से अपनी मां को उस वक्त मार डाला जब वह रात में सो रही थी। प्रतिबंधित व विवादास्पद ऑनलाइन गेम पबजी खेलने का आदी यह किशोर इस बात से नाराज था कि मां उसे यह खेल नहीं खेलने देती। किशोर के दुस्साहस की हद देखिये कि उसने मां के शव को दो दिन घर में छिपाये रखा और छोटी बहन को आतंकित किया कि किसी को खबर दी तो उसे भी मार देगा । जब घर में रखे मां के शव से बदबू आने लगी तो पिता को यह कहकर फोन पर भ्रमित किया कि किसी ने मां की हत्या कर दी। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही थी कि इस दौरान उसने दोस्तों को घर बुलाकर पार्टी की , बाहर से खाना मंगाया और दोस्तों के साथ पबजी खेला। यहां तक कि अपने पिता को गुमराह किया कि पिछले दिनों घर में बिजली ठीक करने वाले इलेक्ट्रीशियन ने छत के रास्ते आकर मां को मार दिया।मोबाइल इंटरनेट के दौर में हमारे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं , इस पर आज हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। हाल ही लखनऊ की घटना पहली घटना नहीं है, प्लेयर अननोन बैटल ग्राउंड यानी पबजी को लेकर देश में कई हादसे पहले भी सामने आये हैं। इस संबंध में बहुत से अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिकायत भी की थी। हालांकि , चीन सीमा पर तनातनी के दौरान भारत सरकार ने सौ सवा से अधिक चीन में विकसित विभिन्न ऐप्स पर बैन लगा दिया था। पबजी भी उसमें शामिल था, लेकिन वास्तव में यह पूरी तरह बंद नहीं हुआ। बैन के बाद भी बहुत से हादसे फिर भी प्रकाश में आते रहे। आज दुनिया के बहुत से देश आनलाइन गेम्स को लेकर सतर्क हैं, लेकिन भारत में अब तक भी इन गेम्स को लेकर कोई सख्त और पुख्ता नियम नहीं हैं, यही कारण है कि ऐसी घटनाएं बार बार सामने आती हैं। हालांकि सरकार ने बहुत से चायनीज एप्स पर बैन लगाकर काफी हद तक अभिभावकों को राहत दी थी लेकिन आनलाइन गेम्स से हिंसक घटनाओं के बढ़ने का एक कारण यह भी हो सकता है कि सख्त नियम तो बने हैं लेकिन निगरानी प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रही है। कुछ हद तक इन मामलों में पेरेंट्स भी लापरवाह हो गये हैं। बताता चलूं कि दुनिया के 15 देश तो आनलाइन गेम्स पर बहुत पहले ही प्रतिबंध लगा चुके हैं। चीन जैसे बड़े देश ने भी 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए एक सप्ताह में तीन घंटे से ज्यादा ऑनलाइन गेम नहीं खेलने के नये नियम बनाये हैं। जबकि चीन आज दुनिया में आनलाइन गेम्स का सबसे बड़ा मार्केट है। पबजी जैसे गेम ने वर्ष 2019,20 व 2021 व 22 में अनेक बच्चों को शिकार बनाया है। आज टेक्नोलॉजी का एडिक्शन बच्चों में हो रहा है। आज अनेक देशों में हिंसक, आपत्तिजनक, विवादित कंटेंट के कारण वीडियो गेम्स पर रोक है। विडियो गेम्स खेलने वाले बच्चे अकेले रहने लगते हैं। उनकी पढ़ाई व काम में पलफोरमेंस कम होने लगती है अथवा अच्छी नहीं होती है। वे रूटीन के काम समय पर नहीं करते या करते ही नहीं हैं। ऐसे बच्चों का काम में मन नहीं लगता है। आज पबजी जैसे अनेक गेम्स हैं जिनका मोबाइल वर्जन तो बंद हो गया है लेकिन डेस्कटॉप वर्जन मौजूद है । आज भी चोर दरवाजे से भी ये खेल बदस्तूर जारी हैं। यह ठीक है कि ये दौर टेक्नालॉजी का है, युवा पीढ़ी के लिए मोबाइल ऑक्सीजन जितना जरूरी हो गया है।आज बच्चे तेजी से मोबाइल का उपयोग करना सीख चुके हैं। इंटरनेट व मोबाइल आज की आवश्यकता भी है। आज के समय में मोबाइल पर कॉल अटेंड करना, व्हाट्सऐप और मैंसेजर पर लोगों से चैंटिंग एक फैशन सा बन गया है, लेकिन आज ऑनलाइन गेम्स ने किशोरों की आउटडोर एक्टविटी को तहन-नहस करके रख दिया है। बच्चे घर में ही घुसे रहना चाहते हैं। आज युवाओं के सिर पर मोबाइल गेम्स का भूत सवार है, यह ठीक नहीं कहा जा सकता है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि हिंसक गेम खेलने से बच्चे संवेदनहीन और आक्रामक होने लगते हैं। वे बाहरी दुनिया से कट जाते हैं और ऑनलाइन गेम्स या वर्चुअल दुनिया को ही असली दुनिया मानने लगते हैं । कुछ बच्चों को तो ये लगता है कि इन खेलों में दक्षता हासिल करके उनके लिये रोजगार के नये अवसर खुल जाएंगे। बच्चों का मन कोमल होता है, वे आनलाइन गेम्स को ही असली दुनिया समझने लगते हैं, हमें उन्हें समझाना होगा। ऑनलाइन तकनीक का अधिक प्रयोग हमारे बच्चों को अवसादग्रस्त बना रहा हैं। आज गांवों के मुकाबले शहरों में यह लत ज्यादा है। ऐसे बच्चे तनाव में होने के कारण हिंसक व असामान्य व्यवहार करने लगते हैं। क ई बार तो बच्चे अपने मां बाप,अभिभावकों, रिश्तेदारों के अकाउंट तक इन गेम्स के चक्कर में खाली कर डालते हैं।

# भारत के पत्थरबाज कब आयेंगे बाज

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

कश्मीर में 1987 में चुनाव के समय फारुख अब्दुल्ला के पक्ष में जबरदस्त धांधली की गई थी। परिणामस्वरूप किये गये छल व अन्याय के कारण जो प्रत्याशी हार गये थे उन्होंने हिंसा का रास्ता अपनाया। दिल्ली की कांग्रेस सरकार ने भी संवाद, सुलह, मानमनौव्वल कराने हेतु कोई गंभीरता नहीं दिखाई। इसका सीधा-सीधा लाभ उठाया पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस ने। आईएसआई ने इन हारे हुए नेताओं को हथियार, प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग देकर हिंसक विद्रोह के लिए उकसाया जो कि बाद में आतंकवादी संगठनों के साथ मिलकर ना केवल कश्मीर को अपितु पूरे देश को ही अस्थिर करने के लिए लगातार निर्दोषों का रक्त बहाकर भयावह वातावरण बनाते रहे जिसकी परिणति 1990 की कश्मीरी पंडितों की खुलेआम हत्या व लूट-पाट होते हुए दिखाई दी। कश्मीरी पंडितों पर अमानवीय अत्याचार करके उन्हें रातों-रात कश्मीर से निकलने पर विवश किया गया। राज्य व केंद्र की तत्कालीन सरकारों के ढुलमुल रवैये के कारण आतंकवाद फन फैलाता गया। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट, हरकत-उल-जिहाद- ए- इस्लामी, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन, हरकत-उल-मुजाहिद्दीन और अल-बद्र आदि संगठनों ने कश्मीर में हिंसा का तांडव जारी रखा। पाकिस्तान आतंकवाद के माध्यम से 1965 व 1971 के अपमान का बदला लेने के सपने देखने लगा। इन आतंकी संगठनों के विदेशों से फंडिंग होने लगी, राजनैतिक संरक्षण मिलने लगा। पूरी कश्मीर घाटी में इन संगठनों की तानाशाही, अत्याचार, मनमर्जी चलने लगी। इनके माध्यम से राजनैतिक लाभ लेने के लोभ में कई पार्टियों के नेता इन्हें सर्वसुख व पाँच सितारा सुविधायें देने लगे। इन सुविधाओं, चकाचौंध के कारण पढ़ा-लिखा, प्रतिभाशाली नौजवान भी इनकी ओर आकर्षित होने लगा और ये संगठन हाईटैक, पॉवरफुल होते चले गए। ये बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देने लग गये। आधुनिक हथियारों, रॉकेट लॉन्चर, बम, आरडीएक्स का प्रयोग करने लगे। बेलगाम आतंकी घटनाओं के चलते कश्मीर में 7 हजार पुलिसकर्मी 20 हजार आतंकी और लगभग एक लाख आम नागरिक मारे गए। कोई सोच भी नहीं पा रहा था कि राजनैतिक तुच्छ लाभ लेने के लिए जो आस्तीन के साँप पाले गये थे, अब इनके जहरीले फनों को कैसे कुचला जाये। तब 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन फनों को कुचल माँ भारती को सुरक्षित रखने की योजना पर काम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम नोटबंदी करके इनकी आर्थिक रीढ़ पर चोट की गई। फिर सेना को वॉशआउट का आदेश दिया गया। रही सही कसर 370 धारा हटाकर आतंकी संगठनों द्वारा बनाये गये भयावह मक्कड़-जाल को ही नष्ट किया गया। तब इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान में बैठे आकाओं ने कायराना हरकतों को अंजाम देना शुरू किया। स्कूल, कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के हाथों में पाँच-पाँच सौ रुपये के साथ पत्थर थमाकर अपनी कुत्सित योजना को नया रूप दिया। आये दिन सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी होने लगी। सुरक्षा बल आतंकियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी करते थे तो उसी दौरान भीड़ पत्थरों से उन पर हमला कर देती थी। उस समय जवान भीड़ से निपटे या फिर आतंकियों की धरपकड़ करें। इस नये प्रयोग से सुरक्षाकर्मी स्तब्ध थे क्योंकि पत्थर मारने वाली भीड़ आम नागरिकों की थी। इन पर गोलियां भी नहीं चलाई जा सकती थी। रबड़ की गोलियां चलाने पर भी मानवाधिकार संगठनों के लोग इनके माई बाप बनकर आ जाते थे। इन युवकों को सैन्य-अधिकारियों द्वारा हर स्तर पर समझाने के प्रयास किए गये। कोई सकारात्मक परिणाम न आने पर उच्चाधिकारी परेशान थे, करें तो क्या करें। गौरतलब है कि कश्मीर में आतंकवादियों को पकड़ने के रास्ते में ये पत्थरबाज स्थानीय लोग एक बड़ी समस्या थे। तब 53 राष्ट्रीय रायफल में तैनात मेजर लीथल गोगोई ने इस प्रयोग की काट निकालते हुए बड़गाम के रहने वाले एक पत्थरबाज युवक फरुख अहमद डार को अपनी जीप के बोनट पर बांध पत्थरबाजों की भीड़ के समक्ष ले जाया गया, परिणामस्वरूप पत्थर फैंकने बंद हो गये। राजनीतिक स्तर पर इस हरकत की निंदा भी की गई। सेना ने भी कोर्ट आफ इन्क्वायरी 15 अप्रैल को आर्डर कर दी। तब सेना प्रमुख विपिन रावत ने मेजर को प्रशंसा पत्र देकर एक तरह से उसकी कार्रवाई पर मुहर लगा दी। यह सेना के मनोबल को गिरने से बचाने के लिए सेना प्रमुख का बहुत सकारात्मक कदम था। कश्मीर से पत्थरबाजों का यह प्रयोग दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य क्षेत्रों में भी शुरू हो गया। राजनैतिक स्तर पर दम तोड़ती कम्यूनिस्ट पार्टी ने इस प्रयोग को अपना हथियार बना लिया।

## सिक्के की खनखनाहट

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक पढ़े** लिखे बेरोजगार की जेब से पाँच रुपए का सिक्का गिर गया। वह इधर-उधर ढूँढ़ने लगा। बड़े परेशान हो गया। पास में एक युवक खड़ा था। हाथ में महंगा फोन, स्मार्ट वाच और गले में सोने की चैन, अंगुलियों में कीमती अंगुठियाँ आँखों पर स्टाइलिश गगल्स और पैरों में लेदर के जूते। कुल मिलाकर अमीर घराने से उसके ताल्लुकात थे। उसने बेरोजगार से पूछा - भई! तुम इतने परेशान क्यों हो? ऐसा क्या खो दिया तुमने। बेरोजगार ने कहा झ साहब! मैने पाँच रुपए का सिक्का खो दिया। वही ढूँढ़ रहा हूँ। यह सुनकर अमीर युवक हँसने लगा। सिर्फ पाँच रुपए के लिए इतने परेशान हुए जाते हो? बेरोजगार युवक ने पूछा आप क्या काम करते हैं। बदले में अमीर लड़के ने कहा - कुछ नहीं। मेरे पिताजी की बड़ी कंपनी है। मुझे काम करने की क्या जरूरत। तब बेरोजगार ने कहा झ इसीलिए आपको पैसे का मूल्य नहीं पता। अमीर युवक ने आश्चर्य से पूछा - ऐसा क्या खास है इन पाँच रुपयों में? बेरोजगार ने कहा यहाँ बात पाँच रुपए की नहीं है। बात है पैसे के वैल्यू की। कभी पैसे से पूछने की कोशिश करना कि पैसा तुम क्या-क्या कर सकते हो? तब पैसा तुम्हें जरूर बताएगा मैं हरीश्चंद्र से झूठ बुलवा सकता हूँ। पति-पत्नी के बीच झगड़े लगा सकता हूँ। बाप-बेटों को अलग कर सकता हूँ। भाई-भाई के बीच शत्रुता बढ़ा सकता हूँ। मनमुटाव ला सकता हूँ। दोस्ती तुड़वा सकता हूँ। यहाँ तक कि प्रेमी-प्रेमिका तक को लड़वा सकता हूँ।

इसके लिए लोग एक-दूसरे का गला काटने के लिए तैयार हो जाते हैं। पैसा दिखने में कोई मेटल या कागज का टुकड़ा दिखता है, लेकिन इसके न होने पर सबकी औकात पता चल जाती है। यह ऐसा चुंबक है जो लोहे को नहीं इंसान को खींचता है। यहाँ सवाल पैसे या रुपए का नहीं उसके आदर और सम्मान का है। जब तक यह है तब तक समाज आपको सलाम ठोंकता है।

# खेल संदेश

## अनहत सिंह ने किया कमाल, विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अनहत सिंह ने चेन्नई में आयोजित चयन ट्रायल में शीर्ष पर रहते हुए विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप का टिकट पक्का कर लिया। विश्व चैंपियनशिप का आयोजन इस साल अगस्त में फ्रांस के नैन्सी में होगा। अनहत ने इस सप्ताह की शुरुआत



में चेन्नई में इंडियन स्क्वैश अकादमी में आयोजित चयन ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या खूबचंदानी को 3-0 से हराया। भारत और एशिया में अंडर-15 श्रेणी की इस शीर्ष खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में यूएस जूनियर स्क्वैश ओपन जीता था। उन्होंने ब्रिटिश जूनियर स्क्वैश ओपन 2019 में स्वर्ण सहित भारत के लिए कई अंतरराष्ट्रीय पदक भी जीते हैं। दो बार की यह राष्ट्रीय चैंपियन अब 15-19 जून तक पटाया में एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप खेलने की तैयारी कर रही है।

## महाराष्ट्र ने हरियाणा को पीछे छोड़ा, 37 स्वर्ण के साथ पहले स्थान पर काबिज

**नई दिल्ली।** टेनिस, टेबल टेनिस और तैराकी में कुल चार स्वर्ण पदक जीतकर महाराष्ट्र यहां चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में फिर से पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र के 37 स्वर्ण, 34 रजत और 29 कांस्य सहित कुल 100 पदक हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद हरियाणा के 36 स्वर्ण, 33 रजत और 39 कांस्य सहित कुल 108 पदक हो गए हैं। कर्नाटक 21 स्वर्ण पदक लेकर तीसरे स्थान पर है।

**पहली बार हरियाणा को नहीं मिला कोई स्वर्ण पदक**

4 जून से शुरू हुए खेलों के दौरान यह पहला अवसर है, जब हरियाणा के खिलाड़ी स्वर्ण पदक नहीं जीत सके। हालांकि हरियाणा अभी महाराष्ट्र से सिर्फ एक स्वर्ण पदक ही पीछे है। बॉक्सिंग में हरियाणा को ज्यादा से ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद है।

**चोट के बावजूद खेले उत्तर प्रदेश के रुशिल, टेनिस में जीता रजत पदक**

टेनिस बालिका वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की आकांक्षा ने कर्नाटक की सुनीता को 6-7(4), 7-6 (4), 6-4 से हराया। बालक वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश के रुशिल खोसला गुजरात के ध्रुव विक्रम हिरपारा से 6-4, 7-5 से हार गए। हालांकि रुशिल चोटिल थे। उन्हें मैच के दौरान भी दो बार चिकित्सा की जरूरत पड़ी। इसके बावजूद उन्होंने खिताब के लिए संघर्ष किया। उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

**श्रीनगर के आदिल ने जीता स्वर्ण पदक**

श्रीनगर के आदिल अल्ताफ ने व्यक्तिगत रोड रेस में एक घंटा 59 मिनट 22.86 का सयम निकालकर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के सिधेश पाटिल दूसरे नंबर पर रहे।

**अपेक्षा ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण**

200 मीटर मेडले स्वीमिंग में महाराष्ट्र की अपेक्षा फर्नांडीज ने रिकॉर्ड 2 मिनट 25.18 सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। लड़कियों की 70 किलोमीटर रोड रेस में महाराष्ट्र की मुस्कान ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि केरल की स्नेहा ने रजत और लद्दाख की लीकजेस अंगमो ने कांस्य पदक जीता।

## बर्लिन टूर्नामेंट से हटीं दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्वितेक, ओसाका भी नहीं खेलेंगी



**बर्लिन।** दुनिया की नंबर एक रैंकिंग की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वितेक ने कंधे की समस्या के कारण अगले सप्ताह यहां होने वाले ग्रास (घसियाले) कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उन्हें विंबलडन से पहले आराम करने की जरूरत है।

हाल ही में फ्रेंच ओपन के खिताब को दूसरी बार जीतने वालीं स्वितेक से पहले रैंकिंग में दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज एनेट कोंटावेइट और पाउला बडोसा के अलावा पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका भी टूर्नामेंट से हट गई हैं। स्वितेक ने ट्विटर पर लिखा कि वह 'बार-बार कंधे में परेशानी का सामना कर रही हूं। मैं विंबलडन के लिए तरोताजा होने और आराम पर ध्यान केंद्रित करूंगी।' यह 21 साल की खिलाड़ी लगातार 35 मैचों से अजेय है।

## किलियन एम्बापे के गोल से टली विश्व विजेता फ्रांस की हार, ऑस्ट्रिया से खेला ड्रॉ

**विएना।** फ्रांस की टीम 82 मिनट तक ऑस्ट्रिया से 1-0 से पिछड़ी हुई थी। नेशंस लीग के ग्रुप मैच के दौरान विश्वविजेता टीम काफी दबाव में दिख रही थी। वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में मैदान



में आए किलियन एम्बापे 83वें मिनट में गेंद को सीधे गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। एम्बापे के गोल की मदद से फ्रांस की टीम ऑस्ट्रिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर मैच को बचाने में सफल रही। ऑस्ट्रिया की ओर से गोल 37वें मिनट में एंडियास वीमान ने किया था।

फ्रांस की टीम ग्रुप 1 की अंक तालिका में 2 अंक के साथ सबसे नीचे चौथे पायदान पर है। इस ग्रुप में डेनमार्क 6 अंक के साथ पहले, 4 अंक लेकर ऑस्ट्रिया दूसरे और 4 अंक धारक क्रोएशिया तीसरे नंबर पर है। फ्रांस की टीम इस समय क्रोएशिया से होने वाले मैच को लेकर दबाव में है। क्योंकि क्रोएशिया ने शीर्ष पर चल रही डेनमार्क को 1-0 से हराया था।

## मिचेल मार्श चोट के कारण तीसरे टी-20 से हुए बाहर

**कोलम्बो ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। वह करीब दो सप्ताह के लिए क्रिकेट के मैदान से दूर रहेंगे, जिसका मतलब है कि वह पांच मैचों की वनडे सीरीज के भी अधिकतर हिस्से में नहीं खेल सकेंगे। हालांकि दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले उनके फिट हो जाने की पूरी उम्मीद है। मार्श को यह चोट श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में लगी थी। तीसरे टी-20 मैच में उनकी जगह जॉश इंग्लिस लेंगे। मार्श ने पिछले साल जुलाई से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। हालांकि उनके पास ग्लेन मैक्सवेल, मार्कर्स स्टॉयनिस और कैमरून ग्रीन जैसे ऑलराउंड



विकल्प पहले से मौजूद हैं। ग्रीन ने श्रीलंका ए के ख़िलाफ़ मैच में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए शानदार शतक लगाया है। हालांकि उन्होंने इस दौरान कोई गेंदबाजी नहीं की।

## निक किर्गियोस ने कहा: मर्रे से हार के दौरान नस्ली टिप्पणियों का सामना किया

**स्टुटगार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने कहा कि स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंडी मर्रे से हार के दौरान उन्हें दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। किर्गियोस ने मर्रे से 7-6 (5), 6-2 से हारने के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि उन्होंने शनिवार को खेले गये मैच में दर्शकों की अपमानजनक टिप्पणियां सुनीं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यह सब कब रुकेगा? दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना? किर्गियोस ने कहा, 'मैं जानता हूं मेरा व्यवहार हर समय सबसे अच्छा नहीं रहता लेकिन 'काली भेड़ और 'चुप रहो और खेलो जैसी टिप्पणियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। जब मैं दर्शकों को जवाब देता हूं तो मुझे दंडित



किया जाता है। यह सही नहीं है। मर्रे 2016 में विंबलडन जीतने के बाद से अपना पहला ग्रास कोर्ट एकल फाइनल खेलेंगे, जिसमें उनका सामना इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त माटेओ बेरेटिनी से होगा। बेरेटिनी ने बिना सर्विस ब्रेक वाले एक संघर्षपूर्ण मैच में ऑस्कर ओट्टे को 7-6 (7), 7-6 (5) से हराया।

## जालन्धर के डिफेंडर गुरमुख सिंह ने चेन्नइयिन एफसी से किया करार

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नइयिन एफसी ने आई-लीग में राजस्थान युनाइटेड एफसी के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले रक्षापंक्ति के खिलाड़ी गुरमुख सिंह के साथ दो साल का करार किया है। गुरमुख ने कहा कि जब से मैंने फुटबॉल खेलना शुरू किया है, आईएसएल में खेलना हमेशा से मेरा सपना रहा है और आज भगवान की कृपा से यह हकीकत में बदल गया है। मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं चेन्नईयिन एफसी का आभारी हूं। जालंधर में जन्मे फुटबॉल खिलाड़ी ने अपने पदार्पण सत्र में राजस्थान की टीम को 2021 में आई-लीग के दूसरे डिवीजन में चैम्पियन बनाने में अहम



भूमिका निभाई थी। ईस्ट बंगाल अकादमी से प्रशिक्षण लेने के बाद वह मिनर्वा अकादमी एफसी का भी हिस्सा थे लेकिन पेशेवर के तौर पर खेलने का मौका नहीं मिला था।

## साइकिलिस्ट ने कोच शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, एसएआई करेगा जांच

**नई दिल्ली ।** बर्खास्त राष्ट्रीय कोच आर के शर्मा पर कथित यौन उत्पीडन् का आरोप लगाने वाली महिला साइकिलिस्ट ने शनिवार को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जबकि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कहा है कि वह आरोप की विस्तृत जांच करने के लिए स्लोवेनिया दौरे पर गए पूरे साइकिलिंग दल के साथ बात करेगा। महिला खिलाड़ी के आरोपों के बाद मुख्य कोच शर्मा का अनुबंध बुधवार को खत्म कर दिया गया था।आरोप लगाने वाली महिला साइकिल चालक इस सप्ताह की शुरुआत में स्लोवेनिया से लौटी गई थी, जबकि पांच पुरुष साइकिल चालक और कोच शर्मा सहित दल के बाकी सदस्य शनिवार की सुबह वापस आ गए थे। साइ ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिस्ट ने शनिवार को राष्ट्रीय कोच के खिलाफ स्लोवेनिया दौरे पर अनुचित बर्ताव के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। साइ ने कहा कि उसने आंतरिक शिकायत समिति के मार्फत मामले की जांच कराई जिसने खिलाड़ी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। बयान में कहा गया कि खिलाड़ी के साथ एफआईआर दर्ज कराने के लिये साइ ने 'टॉप्स' से अपने दो अधिकारी भेजे थे जिनमें एक महिला अधिकारी शामिल है। साइ के एक सूत्र ने कहा कि साइ की जांच समिति ने पहले ही कोच और महिला साइकिल चालक से बात कर ली थी, अब वह विस्तृत जांच के हिस्से के रूप में अगले सप्ताह दल के अन्य सदस्यों से बात करेगी।

स्लोवेनिया का यह दौरा 18 से 22 जून तक राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की तैयारियों में मदद करने के लिए आयोजित किया गया था। भारतीय टीम में पांच पुरुष और एक महिला साइकिल चालक शामिल थे। यह टीम 15 मई को स्लोवेनिया गई थी और पूर्व कार्यक्रम के अनुसार उन्हें 14 जून को वापस लौटना था। महिला साइकिल चालक ने स्लोवेनिया प्रवास के दौरान साइ को कोच द्वारा अनुचित व्यवहार से अवगत कराया था और वह इतनी डरी हुई थी कि उसे अपनी जान का डर था। मामला तब सामने आया जब साइ ने बयान जारी कर कहा कि उसने खिलाड़ी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये उसे वापस बुला लिया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि कोच ने उसे इस बहाने होटल का कमरा साझा करने के लिए मजबूर किया कि आवास की व्यवस्था एक कमरे में दो लोगों को ठहरने के आधार पर की गई है। ऐसे ही एक अन्य मामले में भारतीय याचिंग संघ (वाईएआई) ने जर्मनी की एक अनुकूलन यात्रा के दौरान महिला नाविक द्वारा एक कोच के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर अपनी रिपोर्ट साइ को सौंप दी है। राष्ट्रीय स्तर की महिला नाविक (सेलर) ने टीम के कोच पर जर्मनी यात्रा के दौरान उन्हें 'असहज' महसूस कराने का आरोप लगाया है।

## पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली को बोन ट्यूमर

**नई दिल्ली ।** भारत की पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी और पैरालंपियन पलक कोहली को बोन ट्यूमर होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भारतीय पैरा बैडमिंटन नाम के ट्विटर हैंडल के मुताबिक पलक को बोन ट्यूमर के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस अकाउंट से कुछ तस्वीरें ट्वीट करते हुए लिखा गया है कि भारत की सबसे युवा पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह बोन ट्यूमर से लड़ाई लड़ रही हैं.उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पलक ने भी



अपने आधिकारिक ट्विटर से ट्वीट करते हुए लिखा था कि मैं जल्दी हार नहीं मानने वाली। इस पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने जवाब देते हुए लिखा था कि हम तुम्हारे साथ हैं पलक। आप इस लड़ाई को जीतोगी, दुआ है आप जल्दी ठीक होगी।

## आप विराट कोहली और बाबर आजम में से किसे चुनेंगे, शाहीन अफरीदी ने दिया जवाब

**कराची।** शाहीन अफरीदी पिछले कुछ वर्षों में सभी प्रारूपों में अपने लगातार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के तेज गेंदबाज के रूप में उभरे हैं। इस बीच जब तेज गेंदबाज से विराट कोहली और बाबर आजम में से किसी एक को चुनने के बारे में पूछे जाने पर उनका जवाब कुछ इस तरह था। 2022 काउंटी चैंपियनशिप के दौरान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर कुछ दिलचस्प सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उनके आखिरी सवाल किया गया थि कि उन्हें विराट कोहली या बारब आजम में से किसी एक को



चुनने के बारे में कहा गया तो अफरीदी ने जवाब दिया, मुझे दोनों पसंद हैं, हां! उसी दौरान शाहीन ने अपने पाकिस्तान टीम के साथी मोहम्मद रिजवान को इंग्लैंड के सफेद गेंद विशेषज्ञ जोस बटलर और आईपीएल में पीएसएल के ऊपर भी चुना। शाहीन ने इस साल की शुरुआत में लाहौर कलंदर्स को अपना पहला पाकिस्तान सुपर लीग खिताब जीताने में मदद की थी।

## एफआईएच प्रो लीग : पहले मैच में बेल्जियम से हारी भारतीय महिला टीम

**एंटवर्प (बेल्जियम) ।** गेंद पर नियंत्रण आसानी से गंवाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने चौथे क्वार्टर में जुझारूपन दिखाया लेकिन एफआईएच प्रो लीग के पहले मुकाबले में यहां बेल्जियम से 1-2 से हार गई। मैच की शुरूआत काफी आक्रामक रही और दोनों टीमों ने शुरूआती मिनटों में मौके बनाए लेकिन बेल्जियम ने तीसरे मिनट में कप्तान नेलेन बारबरा के गोल के दम पर बढ़त बना ली।

तालमेल के साथ आक्रमण करते हुए मेजबान टीम ने 5वें और 7वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने गोल नहीं होने दिया। कुछ मिनट बाद भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अपना



250वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही रानी का निशाना चूक गया। एक गोल से पिछडने के बाद भारत ने जवाबी हमले किए और मौके भी बनाए लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। बेल्जियम ने फिर लगातार 2 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और एक बार फिर उन्हें भुनाने में नाकाम रहे।

बेल्जियम ने पहले हाफ में गेंद पर नियंत्रण में बाजी मारी और भारतीय गोल पर कई हमले भी किए लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उन्हें बढ़त दुगुनी नहीं करने दी। तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने काफी आक्रामक शुरूआत की और 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट के बाहर से निकल गया। आंद्रे बालेंगियेन ने 35वें मिनट में गोल करके टीम की बढत दोगुनी कर दी।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में कई प्रयास किए और 2 में से एक पेनल्टी कॉर्नर को भुनाकर अंतर कम किया। इशिका चौधरी का शॉट निशाने पर नहीं लगने के बाद युवा फॉरवर्ड लालरेम्सियामी ने रिबाउंड पर 48वें मिनट में यह गोल दागा। भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम पल तक बराबरी का गोल दागने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भारत को अब दूसरे मैच में 12 जून को बेल्जियम से ही खेलना है।

## डेरिल मिशेल का बल्ला चला, 190 बनाकर न्यूजीलैंड को पहुंचाया 553 पर

**नॉटिंघम।** डेरिल मिशेल ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कैरियर का सर्वोच्च स्कोर 190 रन बनाया और अपनी टीम को 553 रन तक ले गए। बारिश प्रभावित मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में चाय ब्रेक तक न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 481 रन बनाए थे। लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी करते हुए तेजी से न्यूजीलैंड के विकेट चटकाए।इससे पहले दूसरे दिन के खेल में महज एक विकेट गिरा जब लंच से पहले टॉम ब्लंडेल 106 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे सत्र में मिशेल और पहला मैच खेल रहे माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 40) ने 69 रन और जोड़े। बारिश के कारण चाय का ब्रेक जल्दी लेना पड़ा। मिशेल ने पहले टेस्ट में भी दूसरी पारी में 108 रन बनाए थे। इससे पहले मिशेल और ब्लंडेल ने पांचवें विकेट की साझेदारी में 236 रन जोड़े। ब्लंडेल को स्पिनर जैक लीच ने पवेलियन भेजा जिनका कैच बेन स्टोक्स ने लपका।



इससे पहले न्यूजीलैंड के लिए पांचवें विकेट की साझेदारी का रिकॉर्ड नाथन एस्टल और क्रेग मैकमिलन के नाम था जिन्होंने वेलिंगटन में 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 222 रन बनाए थे।

इंगलैंड टीम की गेंदबाजी की बात की जाए तो जेम्स एंडरसन ने 62 रन देकर तीन, स्टुअर्ट ब्रॉड ने 107 रन देकर दो, मैटी पॉट्स ने 126 रन देकर, कप्तान बेन स्टोक्स ने 85 रन देकर दो तो जैक लीच ने 140 रन देकर दो विकेट हासिल किए। जवाब में खेलने उतरी इंगलैंड टीम ने अपने ओपनर्स की बदौलत मजबूत शुरूआत की। जैक क्राऊले (4) का जल्द विकेट गिर जाने के बाद एलेक्स लीस और ओली पोप ने 50 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप की और अपनी टीम को संभाल लिया।

## श्रीजेश ने पेनल्टी स्ट्रोक बचाया, भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम को हराया

**एंटवर्प ।** गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने निर्धारित समय के भीतर कई गोल बचाने के बाद रोमांचक पेनल्टी शूटआऊट में एक पेनल्टी स्ट्रोक बचाया जिसकी मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने ओलिम्पिक चैम्पियन बेल्जियम को एफआईएच प्रो लीग के पहले मैच में 5.4 से हरा दिया। भारतीय टीम 1.3 से पीछे थी जब 8 मिनट का ही खेल बचा था लेकिन स्कोर 3.3 से बराबर करके मैच को शूटआउट में खींच दिया। श्रीजेश ने अलेक्जेंडर हेंडरिक्स का शॉट बचाया जो तीसरी पेनल्टी लेने उतरे थे। शूटआऊट जब 4.4 से बराबरी पर था तब आकाशदीप ने गोल करके स्कोर 5.4 कर दिया। मैच के दौरान श्रीजेश ने कई गोल बचाये लेकिन आखिरी क्वार्टर में बचाये गए दो गोल काफी महत्वपूर्ण साबित हुए । पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका जिसमें श्रीजेश ने दो शॉट बचाए।

## अमेरिका में बंदूक संबंधी नए कानून को लेकर हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कई हिस्सों में हजारों लोगों ने बंदूक संस्कृति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और बंदूकों की उपलब्धता को नियंत्रित करने के लिए नए कानून बनाए जाने की मांग की। दरअसल, अमेरिका में हाल के समय में गोलीबारी की घटनाओं में



काफी इजाफा हुआ है। पिछले महीने टेक्सास के उवालदे में एक प्राथमिक विद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना में 19 बच्चों और दो वयस्कों की मौत हो गई थी। इसके बाद बफेलो सुपरमार्केट में हुई भीषण गोलीबारी में भी 10 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद से ही अमेरिका में बंदूक रखने के नियमों को सख्त बनाए जाने की मांग की जा रही है। अमेरिका के कोलंबिया प्रांत की मेयर म्यूरियल बोसेर ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए कहा, ''अब बहुत हो चुका। मैं एक मेयर और एक मां होने के तौर पर यह कह रही हूं। मैं उन लाखों अमेरिकी नागरिकों की ओर से बोल रही हूं, जो कांग्रेस से बंदूक रखने संबंधी नए कानूनों को मंजूरी देने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस का यह कर्त्तव्य है कि वह हमें और हमारे बच्चों को बंदूकों के कारण होने वाली हिंसा से बचाए।'

## अफगान महिलाओं ने सरकारी संस्थानों से निकाले जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**काबुल।** अफगान महिलाओं के एक समूह ने काबुल में तालिबान के खिलाफ उनके अधिकारों के उल्लंघन और सरकारी संस्थानों से महिलाओं को हटाने के विरोध में प्रदर्शन किया। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने 'अफगानिस्तान की महिला सिविल सेवा रोजगार' के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया और तालिबान से महिलाओं को काम पर लौटने की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यवाहक सरकार के अधिकारियों के बार-बार कहने के बावजूद कि वे तय करेंगे कि महिलाएं सरकारी संस्थानों में काम



करती रहेंगी या नहीं, उनका भाग्य अभी भी स्पष्ट नहीं है। सिविल सेवा कर्मचारी समीरा आज़मी ने कहा जिन महिला कर्मचारियों की नौकरी की सीमा कम हो गई है या बदल दी गई है, उनके वेतन का भुगतान करने की भी कोई उम्मीद नहीं है। इन महिलाओं के अनुसार, वे 10 महीने से काम नहीं कर पा रही हैं और उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सिविल सेवा के कर्मचारी फ़ायका ने कहा, 'हम अपने धार्मिक अधिकारों को संरक्षित करके काम पर वापस जाना चाहते हैं।' टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने देश में छठी कक्षा से ऊपर के महिला स्कूलों को फिर से खोलने की भी मांग की।अफगानिस्तान एसोसिएशन की महिला सिविल सेवा रोजगार' की प्रमुख नादिरा रशीदी ने कहा कि हमारी बेटियों के लिए स्कूल खोले जाएं, अन्यथा हमें अपनी लड़कियों को विदेश भेजना होगा। बता दें कि अफगान महिलाओं के खिलाफ तालिबान के अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं । पिछले अगस्त में तालिबान द्वारा देश पर नियंत्रण करने के बाद से सरकारी संस्थानों में अधिकांश महिला कर्मियों को काम करने से वंचित कर दिया गया है, और उनमें से कई को निकाल दिया गया है। इस बीच, तालिबान ने लड़कियों की माध्यमिक शिक्षा को निलंबित कर दिया है और हिजाब को अनिवार्य रूप से लागू किया है।

## नये अध्ययन में पुरुषों के गर्भनिरोधक गोलियों को लेकर आशाजनक परिणाम सामने आए

**वाशिंगटन।** सेक्स के बाद अकसर महिलाएं प्रेगनेंसी को लेकर चिंता में रहती हैं। हालांकि इससे बचने के बहुत सारे विकल्प इस समय बाजार में मौजूद हैं। पर उनमें से ज्यादातर की जिम्मदारी महिलाओं पर ही है। सोचिए अगर ऐसी कोई गर्भनिरोधक गोली आए, जिसे महिलाएं नहीं बल्कि पुरुष ले सके। यह सोच जल्दी ही पूरी होने वाली है। क्योंकि वैज्ञानिक ऐसी गोलियों का परीक्षण कर रहे हैं, जो पुरुषों में स्पर्म को प्रभावित कर महिलाओं को प्रेगनेंसी की चिंता से मुक्त कर सकें।

# युद्ध पर चीन का 'बुद्ध' ज्ञान, कहा- शांति स्थापित करने के लिए भारत के साथ मिलकर कर रहे काम

**बीजिंग।** चीन का दोहरा चरित्र फिर दुनिया के सामने आया है। एक तरफ भारत के साथ सीमा विवाद को लेकर स्थिति पहले से तनावपूर्ण है। ऊपर से लद्दाख सेक्टर में चीन आक्रामक नीतियों के चलते लगातार संघर्ष वाली स्थितियां उत्पन्न कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ वैश्विक मंचों पर चीन शांति स्थापित करने की बात कर रहा है। दरअसल, सिंगापुर में हो रही शांगरी-ला वार्ता के दौरान चीनी रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंघे ने कहा, भारत और चीन पड़ोसी हैं और अच्छे संबंध बनाए रखना दोनों देशों के हितों को पूरा करता है। उन्होंने कहा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति स्थापित करने के लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण चीन सागर सहित क्षेत्रीय विवादों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण तरीकों का भी आह्वान किया।

**भारत के साथ हो चुकी 15 दौर की बातचीत**

एलएसी पर भारतीय सैनिकों के साथ संघर्ष के सवाल पर चीनी रक्षा मंत्री ने कहा, दोनों देशों के बीच करीब 15 दौर की बातचीत हो चुकी है। हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर



रहे हैं। दरअसल, उनसे पूछा गया था कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने दो साल पहले भारत के साथ एलएसी पर कई बिंदुओं पर यथास्थिति को बदलने के लिए एकतरफा कदम क्यों उठाया था? जिसके चलते जिसके कारण सैन्य संघर्ष हुआ, जिसके चलते 45 सालों में पहली बार संघर्ष की खबें सामने आईं। दरअसल, पिछले दिनों पैंगांग झील को लेकर भारत और चीन की सेना के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ था। इसके बाद से लद्दाख में स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

**चीन को रोक सकता है सिर्फ भारत**

इससे पहले शांगरी-ला वार्ता में शनिवार को अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा था, भारत की बढ़ती ताकत ही हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता स्थापित कर सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मानना है कि भारत की बढ़ती सैन्य क्षमता और तकनीकी कौशल इस क्षेत्र में एक स्थिर शक्ति हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रमुख तौर पर भारत का जिक्र करते हुए कहा, चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आक्रामक रवैया अपनाए हुए है और अवैध तरीके से अपनी समुद्री क्षमताओं को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, चीन भारत के साथ सीमा पर अपनी स्थिति को सख्त कर रहा है।

## पॉलिसी रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट में दावा: धार्मिक कटुता व आतंक के लिए कतर से फंडिंग

### मस्जिद, मदरसों के निर्माण के बहाने भेज रहे करोड़ों डॉलर

**दोहा।** कतर की जमीन से न सिर्फ धार्मिक कटुता बढ़ाने, बल्कि दुनियाभर में आतंकवाद के विस्तार के लिए पैसा मुहैया कराया जा रहा है। एक पॉलिसी रिसर्च समूह की रिपोर्ट का दावा है कि कतर स्थित कई संगठन इस्लामिक कट्टरपंथी स्कूलों के जरिये भारत जैसे बहुधार्मिक देश में आपसी मतभेदों, संदेह को गहरा करने के लिए फंडिंग कर रहे हैं। वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने के मकसद से कई देशों में मस्जिद, मदरसों के निर्माण व मुस्लिमों को शिक्षा-रोजगार के समान अवसर की आड़ में करोड़ों डॉलर दे रहे हैं। लंदन के लेखक जेम्स डगलस क्रिक्टन के हवाले से रिपोर्ट में लिखा है, भारत समेत विश्वभर में कट्टरपंथ बढ़ाने के पीछे



'शेख ईद बिन मोहम्मद अल थानी' का बड़ा हाथ है। ईद चैरिटी के नाम से मशहूर इस संगठन के संस्थापक सदस्य, अब्द अल-रहमान अल-नुअयमी को अमेरिका ने 2013 में विशेष नाम के वैश्विक आतंकी घोषित किया था। उस पर सीरिया, यमन, इराक व सोमालिया में अल कायदा व सहयोगी गुटों को वित्तीय सहायता के आरोप लगे थे।

**शैल कंपनियां की आड़ में पहुंच रही रकम**

रिपोर्ट का दावा है, कतर से सीधे बड़ी फंडिंग लेने वाले लाभार्थी संगठन अलकायदा, इस्लामिक स्टेट जैसे खूंखार आतंकी गुटों से जुड़े छोटे समूहों की मदद करते हैं। यह पैसा शैल कंपनियों की आड़ में पहुंचाया जाता है।

ईद चैरिटी के लीक दस्तावेज में भारत में केरल समेत कई जगह आठ सलाफी समूहों को भवन निर्माण, मस्जिदों की मरम्मत और पानी के पंप लगाने के बहाने कतर से बड़ी रकम पहुंचाने का खुलासा हुआ है।

## एशिया प्रशांत में बढ़ा खतरा, जापान ने सुरक्षा मजबूती के लिए बनाई नई योजना

**टोक्यो ।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद एशिया प्रशांत क्षेत्र में बढ़े खतरे से निपटने में देश की राजनयिक और सुरक्षा भूमिका को मजबूत बनाने के मकसद से एक योजना की घोषणा की। किशिदा ने कहा कि चीन, उत्तर कोरिया और अब रूस का सामना करने की क्षमता हासिल करने पर जापान तेजी से विचार करेगा। हालांकि, आलोचकों ने किशिदा की इस योजना को विवादास्पद करार देते हुए कहा है कि यह जापान के संविधान के खिलाफ है, जिसमें युद्ध से बचने की बात कही गई है। किशिदा ने सिंगापुर में एशियाई सुरक्षा फोरम 'शंगरी-ला डायलॉग' में कहा, 'आज यूक्रेन तो कल पूर्वी एशिया के साथ ऐसा हो सकता है।'



किशिदा ने क्षेत्रीय साझेदारों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अगले वसंत तक 'शांति के लिए स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत' योजना लेकर आएंगे, जिसके तहत जापान दक्षिणपूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में स्थित देशों को उनकी सुरक्षा के लिये विकास सहायता, गश्ती नौका, समुद्री कानून लागू करने की क्षमता और अन्य तरह की मदद प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जापान कम से कम 20 देशों को इस तरह की सहायता प्रदान करेगा। साथ ही कम से कम 800 समुद्री सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षित करेगा और अगले तीन वर्षों में लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करेगा।

## आईएलसी के तहत इसी माह श्रीलंका पहुंचेगी अंतिम खेप, बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा देश

**कोलंबो।** इंडियन लाइन ऑफ क्रेडिट (आईएलसी) के तहत ईंधन शिपमेंट की अंतिम खेप इस माह श्रीलंका पहुंच रही है। फिलहाल भारत की ओर से भविष्य में आपूर्ति के कोई संकेत नहीं हैं। श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा ने बताया कि वह 16 जून को आईएलसी के तहत अंतिम डीजल और 22 जून को अंतिम पेट्रोल शिपमेंट की उम्मीद कर रहे हैं। ईंधन आपूर्ति में आने वाली कठिनाइयों पर सरकार ने कहा कि वह ईंधन खरीद के लिए भारत से क्रेडिट लाइनों का विस्तार करने पर काम कर रही है।

श्रीलंका सबसे बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा है। आर्थिक संकट के कारण भोजन, दवा, ईंधन जैसी आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। श्रीलंकाई लोग ईंधन और रसोई गैस खरीदने के लिए दुकानों के बाहर घंटों लाइनों में इंतजार करने के लिए मजबूर हैं। श्रीलंका की ईंधन खरीद पूरी तरह से आईएलसी पर निर्भर है। 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन को बाद में एक और 20 करोड़ डॉलर के साथ पूरा किया गया था।

**भारत लगातार कर रहा मदद**

भारतीय उच्चायोग ने यहां बयान में कहा, पड़ोसी पहले की नीति के तहत पिछले कुछ



महीनों में श्रीलंका के लोगों को कई तरह से सहायता प्रदान की है। भारत ने श्रीलंका के भोजन, स्वास्थ्य और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अब तक करीब 3.5 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता की है।

**17 लाख श्रीलंकाई बच्चों को तत्काल मानवीय मदद की जरूरत :यूनिसेफ**

भयावह आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे श्रीलंका में करीब 17 लाख बच्चों को तत्काल मानवीय मदद की जरूरत है। यूनिसेफ ने इन बच्चों की मदद के लिए 2.5 करोड़ डॉलर की मांग की है। ये बच्चे बिना पोषण, शिक्षा के लगातार संकटों से घिरे हैं।

## अफगानिस्तान में IED ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत, मृतकों में 5 तालिबान सदस्य

**काबुल:** अफगानिस्तान के स्पिन बोल्डक जिले में एक बड़े IED विस्फोट में एक नागरिक कम से कम पांच तालिबानी सदस्य मारे गए । जानकारी के अनुसार धमाका हुआ। रिपोर्टरली ने ट्विटर पर इस जानकारी को साझा करते हुए लिखा कांधार के स्पिन बोल्डक जिले में सड़क किनारे IED विस्फोट में तालिबान के पांच सदस्य और एक नागरिक की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। इससे पहले 25 मई को बल्ख प्रांत की राजधानी



में तीन विस्फोट हुए थे, जिसमें कम से कम 9 लोग मारे गए थे और 15 अन्य घायल हो गए थे। इस बीच, उसी दिन काबुल शहर की मस्जिद शरीफ हजरत जकारिया मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम दो नमाजियों की मौत हो गई। बता दें कि अफगानिस्तान में विस्फोट के मामले कोई नए नहीं हैं। काबुल सुरक्षा विभाग ने बताया कि इससे पहले सोमवार को काबुल के पुलिस जिला-4 में एक साइकिल पर रखे विस्फोटक से विस्फोट हुआ था। न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले की जांच के लिए सुरक्षा बल इलाके में पहुंच गए हैं।

## भारत ने ताजिकिस्तान के उप रक्षा मंत्री को 50 बिस्तरों वाला मैत्री अस्पताल सौंपा

**दुशांबे।** तजाकिस्तान में भारतीय राजदूत विराज सिंह ने 50 बिस्तरों वाला भारत-तजाकिस्तान मैत्री अस्पताल (आईटीएफएच) ताजिकिस्तान के उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल शोहियोन अब्दुसोत्तोर को सौंप दिया। उन्होंने अस्पताल में से 50 बिस्तरों वाले इस अस्पताल ने भारत सरकार से तकनीकी सहायता और वित्तीय सहायता के आधार पर पिछले आठ वर्षों से ताजाकिस्तान के सशस्त्र बलों और नागरिक



आबादी को मुफ्त मूल्यवान चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं।

वर्तमान में आईटीएफएच में ईएनटी, सर्जरी, स्त्री रोग, चिकित्सा, बाल रोग और दंत चिकित्सा विभागों सहित चिकित्सा विशिष्टताओं की एक श्रृंखला है। अस्पताल के माध्यम से पिछले दो वर्षों में दो हजार से अधिक सर्जरी सहित इन वर्षों में 1,00,000 से अधिक रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। भारतीय सेना के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों की एक टीम ने तजाकिस्तान के नागरिकों को विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं और साथ ही साथ कई डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। पिछले आठ वर्षों में 42 टन से अधिक 'मेड इन इंडिया' दवाएं आईटीएफएच को भेजी गई हैं।

आईटीएफएच के अलावा, भारत सरकार ने ताजाकिस्तान को अन्य रूपों में भी चिकित्सा सहायता प्रदान की है। भारत ने दक्षिण-पश्चिम ताजाकिस्तान में पोलियो के फैलने के बाद 2010 में यूनिसेफ के माध्यम से मौखिक पोलियो वैक्सीन की 20 लाख खुराक प्रदान की।

मार्च 2018 में, भारत ने ताजिकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में 10 एम्बुलेंस उपहार में दीं। मई 2020 में कोरोना के समय भारत ने ताजिकिस्तान को 50,000 हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन टैबलेट और एक लाख पैरासिटामोल टैबलेट प्रदान किए। 2021 में, ताजिकिस्तान को लगभग सात लाख 'मेड इन इंडिया' कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की गई। बयान में कहा गया है कि दूतावास को पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि ताजिक पक्ष भारत द्वारा सृजित क्षमताओं के साथ अस्पताल को प्रभावी ढंग और कुशलता से चलाना जारी रखेगा। आईटीएफएच भारत और ताजिकिस्तान के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक बना रहेगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और उनके बेटे को धनशोधन मामले में अग्रिम जमानत मिली

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान की एक अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे व पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज शरीफ को अरबों रुपये के धनशोधन मामले में शनिवार को अग्रिम जमानत दे दी। संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में पहले के विपरीत रुख अपनाते हुए न्यायाधीश को बताया कि दोनों को गिरफ्तार करने की जरूरत नहीं है, जिसके बाद पिता-पुत्र को बड़ी राहत मिली।

दिलचस्प बात यह है कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पिछले सप्ताह 14 अरब रुपए (सात करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर) के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री और अन्य संदिग्धों के खिलाफ एक अंतरिम जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।

एजेंसी ने उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए तर्क दिया था



कि 'उन्हें हिरासत में लिया जाना आवश्यक है क्योंकि वे मामले की जांच शामिल नहीं हुए हैं और उन्होंने जांचकर्ताओं के साथ सहयोग नहीं किया है।' अदालत के एक अधिकारी ने कहा, 'एफआईए के अभियोजक ने पूरी तरह से विपरीत रुख अपनाते हुए अदालत से कहा कि एजेंसी को जांच में पिता और पुत्र की गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं है।' इसके बाद अदालत ने इस मामले में प्रधानमंत्री, उनके बेटे और अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी पूर्व जमानत की पुष्टि की।

अदालत ने उन्हें सात दिन के अंदर 10-10 लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया। लाहौर में कड़ी सुरक्षा के बीच शहबाज और हमजा एफआईए की विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए।

शहबाज ने कहा कि राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) पहले ही आरोपों की जांच कर चुका है और अब एफआईए जांच कर रही है। उन्होंने कहा, 'एनएबी इस मामले में मेरे और मेरे बेटों के खिलाफ कुछ भी साबित नहीं कर पाया और उच्चतम न्यायालय ने कोई सबूत पेश करने में विफल रहने पर उसे फटकार लगाई थी।'

## अनीता लेरचे का सिख भक्ति संगीत सुन मंत्रमुग्ध हुए भारतीय राजदूत तरनजीत संधू

**डेनमार्क :** इंडियाना ग्लोबल इकोनॉमिक समिट के दौरान भारत के राजदूत तरनजीत संधू ने इंडियाना इंडिया बिजनैस काऊंसिल, इंटरनैशनल मार्केटप्लेस कोएलिशन इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडियानापोलिस और इंडियानापोलिस हैदराबाद सिस्टर सिटी कमेटी द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर डेनमार्क की मशहूर गायिका अनीता लेरचे द्वारा सिख भक्ति संगीत का एक अद्भुत गायन प्रस्तुत किया गया, जिसे



सुनकर तरनजीत संधू मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने लेरचे के गायन की सराहना भी की। यह पंजाबी में एकल एल्बम बनाने वाली पश्चिम की पहली गैर-एशियाई महिला हैं। अद्भुत संधू ने इस अवसर पर उपस्थित आ जिसे आप्रवासी भारतीयों के समक्ष सीने भारत और अमरीका के बीच चल थॉम मन की रही व्यापारिक गतिविधियों और के बी में दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों पर पश्चिम प्रकाश डाला।

**कई क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे दोनों देश**

संधू ने बताया कि कैसे दोनों देश 7 विज्ञान, दवाओं, व्यापार एवं विनिमय, शिक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने दो प्रमुख लोकतांत्रिक देशों के बीच दोस्ती के और विस्तार के लिए एक बहुत ही आशावादी टिप्पणी करते हुए कहा कि इस साल कई मोर्चों पर अमरीका और भारत पारस्परिक हित कई क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे। समारोह के बाद रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया था। अमरीकी मंदिर यों के समक्ष सीनेटर टॉड यंग, उप महापौर जूडिथ का के बीच चल थॉमस, इंडियाना के कई विधायक, भारत तिविधियों और के उप महावाणिज्य दूत रंजीत सिंह और त्रीपूर्ण संबंधों पर मैक्सिको के काउंसिल जनरल लुइस 'फ्रेंको भी समारोह में शामिल थे।